



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा





**विविधा**
बलांगीर में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच एक सार्वजनिक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी





**देश-विदेश**
वकील जय अनंत देहाद्राई केजरीवाल को जमानत दिए जाने से असहमत, कहा- इस फैसले से खतरनाक मिसाल कायम होगी





**फीचर पेज**
गर्मियों में पी रहे हैं इस तरह के ड्रिंक्स, तो हो जाएं थोड़ा सावधान




# मांगलिक स्वर लहरियों के बीच खुले बदरीनाथ धाम के कपाट, पावन पल के साक्षी बने हजारों श्रद्धालु



जय..जय... बदरीविशाल...



जय..जय... बदरीविशाल...

**बदरीनाथ, 12 मई [एजेंसी]।**

मांगलिक स्वर लहरियों के बीच आज बदरीनाथ धाम के कपाट खुल गए है। श्रद्धालु अब छह माह यहीं भगवान बदरीविशाल के दर्शन और पूजा कर सकेंगे। हजारों श्रद्धालु इस पावन पल के साक्षी बने। कपाट खुलते ही धाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। वहीं, सीएम धामी ने भी तीर्थयात्रियों को धाम के कपाट खुलने की शुभकामनाएं दी। हल्की बारिश के बीच आर्मी बैंड एवं ढोल नगाड़ों की मधुर धुन और स्थानीय महिलाओं के पारंपरिक संगीत और नृत्य के साथ भगवान बदरी विशाल की स्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ कुबेर जी, उद्धव जी एवं गाडू घड़ा दक्षिण द्वार से मंदिर में परिसर में लाया गया। इसके बाद मंदिर के मुख्य पुजारी रावल समेत धर्माधिकारी, हक हकूकधारी एवं बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने प्रशासन एवं हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में विधि विधान के साथ मंदिर के कपाट खोले।

मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने गर्भगृह में भगवान बदरीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए सबके लिए मंगलमय जीवन की कामना की। इसके साथ ही ग्रीष्मकाल के लिए बदरीनाथ के दर्शन शुरू हो गए हैं।

उत्तराखंड के चारधामों की यात्रा उत्तरकाशी जिले में स्थित यमुनोत्री धाम से शुरू होती है, जो गंगोत्री और केदारनाथ होते हुए बदरीनाथ धाम पहुंचती है। यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ मंदिर के कपाट 10 मई को खोल दिए गए हैं। कपाट खुलने के मौके पर श्रीबदरीनाथ पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश के सहयोग से आस्था पथ से लेकर धाम को ऑर्किड और गेंदे के 15 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले आदिकेदारेशवर मंदिर के कपाट खुलते है।

परंपरा के अनुसार सुबह पांच बजे से बदरीनाथ मंदिर के कपाट खोलने की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके तहत 5 बजकर 20 मिनट पर पर वैदिक मंत्र उच्चारण शुरू हुए। इसके साथ ही जब रावल ने बदरीनाथ मंदिर के द्वार दरवाजे पर लगी सील को खोला, उसी समय राज दरबार के प्रतिनिधि कांता प्रसाद नौटियाल ने मंदिर के मुख्य द्वार का दरवाजा खोला और सर्वप्रथम बदरीनाथ के रावल और बतला बड़वा ने मंदिर के गर्भ गृह में प्रवेश किया। वहीं, भू-बैकुंठ धाम में अन्य तीर्थ स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है। मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही तप्तकुंड, नारद कुंड, शेषनेत्र झील, नीलकंठ शिखर, उर्वशी मंदिर ब्रह्म कपाल, माता मूर्ति मंदिर व देश के प्रथम गांव माणा, भीमपुल, वसुधारा जलप्रपात एवं अन्य ऐतिहासिक व दार्शनिक स्थलों पर भी श्रद्धालु पहुंचने लगे हैं। 2016 में 6,54355, वर्ष 2017 में 9, 20466 वर्ष 2018 में 10,48051 वर्ष 2019 में 12, 44993, वर्ष 2020 में 15,5055 श्रद्धालु बदरीनाथ धाम पहुंचे थे। वर्ष 2021 में कोरोना संकट के कारण 1,97997 श्रद्धालु ही बदरीनाथ आए। जबकि कोरोना महामारी पर नियंत्रण के बाद विगत वर्ष 2022 में 17,63549 और 2023 में रिकॉर्ड 18, 39591 श्रद्धालुओं ने बदरी विशाल के दर्शन किए।

## कपाट खुलते ही यमुनोत्री धाम में भक्तों की भारी भीड़, नौ हजार यात्री 24 घंटे तक जाम में फंसे, पुलिस ने कहा- जहां हैं वहीं रुक जाइए

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए 9000 से अधिक तीर्थ यात्रियों को करीब 24 घंटे तक जाम में फंसा रहना पड़ा। तीर्थ यात्री 24 घंटे से बड़कोट और जानकी चट्टी के बीच फंसे रहे। पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी ने खुद मौके पर जाकर किसी तरह से जाम को खुलवा दिया है। पुलिस ने रविवार को यमुनोत्री आने वाले तीर्थ यात्रियों से यात्रा को स्थगित रखने की अपील की है। कहा है तीर्थ यात्री जहां हैं वहीं रुक जाइए। तीर्थ यात्रियों से हरिद्वार ऋषिकेश, विकासनगर, डामटा बड़कोट और उत्तरकाशी में ही रुकने के लिए कहा गया है। तीर्थ यात्रियों को विभिन्न पड़ावों पर ही रोका जा रहा है। जिसे यमुनोत्री धाम में जाम की समस्या न उत्पन्न हो। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने कहा कि गत शनिवार को जो जाम की स्थिति बनी थी, पुलिस ने रात भर ड्यूटी कर जाम को क्लियर कर दिया है, अभी ट्रैफिक सामान्य है। यातायात अभी व्यवस्थित ढंग से चल रहा है।



आज रविवार को 9000 की संख्या में तीर्थ यात्री जानकी चट्टी यमुनोत्री पहुंच चुके हैं। इसलिए उनकी तीर्थ यात्रियों से हाथ जोड़कर विनती है कि जो तीर्थ यात्री हरिद्वार, ऋषिकेश, उत्तरकाशी या अन्य किसी पड़ाव पर हैं। वह तीर्थ यात्री आज अपनी यमुनोत्री की तीर्थ यात्रा को स्थगित रखें। यमुनोत्री धाम में बिल्कुल भी कैपेसिटी नहीं है।

## रायपुर-खम्हारडीह में बड़ी वारदात हिंसक झड़प में 4 लोग घायल



**रायपुर, 12 मई [एजेंसी]।**

राजधानी रायपुर में देर रात तलवारबाजी हुई है। इस हिंसक झड़प में किसी के सिर, नाक और पीठ पर तलवार से चोटें आईं। घटना में पीता, पुत्र समेत 4 लोग घायल हुए हैं। यह पूरा मामला खम्हारडीह थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, कॉलेज की पुरानी रंजिश के चलते रायपुर के अवंति विहार स्थित विजय चौक पर देर रात तलवारबाजी हुई। तलवारबाजी में देवेंद्र नगर निवासी पिता, पुत्र समेत 4 लोग घायल हुए। जिसमें घायल पिता अनीस, बेटा लक्की, फजल और सौरभ को आई चोटें आई है। मामले में घायलों ने उत्पल भट्टाचार्य और उसके बेटे आदर्श भट्टाचार्य समेत उसके साथियों पर तलवारबाजी का आरोप लगाया गया है। घटना में घायलों को अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया। मामले में शिकायत मिलने के बाद खम्हारडीह पुलिस जांच में जुट गई है।

## पीएम मोदी का आज बंगाल-बिहार में चुनाव प्रचार पटना रोड शो से पहले लालू यादव ने साधा निशाना

**कोलकाता, 12 मई [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धुआंधार लोकसभा चुनाव प्रचार जारी है। पीएम मोदी आज बंगाल और बिहार में जनसभा और रोड शो करेंगे। पीएम मोदी शाम को पटना पहुंचेंगे और रोड शो करेंगे। वे पटना में रोड शो करने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री होंगे। पीएम मोदी के पटना रोड शो से पहले आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने निशाना साधा। लालू ने एक्स पोस्ट पर लिखा, बोला था ना 2014 में चीनी मिल खुलवा इसी मिल की बनी चीनी की चाय पीऊंगा। 10 बरस हो गए? क्या हुआ तेरा वादा? जो प्रधानमंत्री अपने वादेनुसार प्रदेश में एक छोटी सी चीनी मिल नहीं खुलवा सकता हो?

लालू ने आगे लिखा, जो प्रधानमंत्री विशेष राज्य के दर्जे से लेकर 10 वर्षों में अपने बड़े-बड़े आसमानी वादों में से एक रत्ती भर भी वादा पूरा ना कर सका हो? जो प्रधानमंत्री भरे मंच से अपने ही सहयोगी दल के मुख्यमंत्री द्वारा हाथ जोड़ गिड़गिड़ाने पर भी 100 बरस पुरानी एवं ऐतिहासिक पटना यूनिवर्सिटी को केंद्रीय यूनिवर्सिटी का दर्जा तक ना दे सके? ऐसे प्रधानमंत्री रोड क्या चाहे गली-गली घूम नुक्कड़ नाटक करे, इससे बिहार को क्या फायदा होगा?

## आईटी ने 3 कारोबारियों के ठिकानों में मारी रेड



**महासमुंद।** जिले के पिथौरा शहर में तीन व्यापारियों के प्रतिष्ठान में इनकम टैक्स छापे की खबर है। रायपुर के सूत्रों ने भी टीम के महासमुंद जाने की जानकारी दी है। पता चला है कि पहट के चार बजे से यहां के गोविंदराम अनिल कुमार ज्वेलर्स के सामने दो, ऋंगारिका फैंसी स्टोर्स के सामने एक और तिवारी ज्वेलर्स के सामने एक वाहन से अधिकारी उतरे और सीधे इन प्रतिष्ठानों के मालिकों के घर कार्रवाई शुरू कर दी। ऋंगारिका ज्वेलर्स में इससे पहले जमीन जायदाद खरीदी बिक्री की शिकायत पर पहले भी छापेमारी की कार्रवाई हो चुकी है लेकिन बाकी के दो व्यापारियों के प्रतिष्ठान में यह पहली कार्रवाई है। इसे लेकर आज सुबह से सोशल मीडिया पर कई तरह की खबरें चल रही है। इन खबरों में कहा जा रहा है कि एक व्यापारी के निवास में करोड़ों रुपए मिले हैं। किसी ग्रुप में बात हो रही है कि यह साइबर सेल की कार्रवाई है और नगद तथा हवाला की बातें सामने आ रही हैं।

लेकिन छापेमारी के लिए पहुंचे किसी भी अफसरों की ओर से अब तक विषय में केई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। अभी तक तो यह कंफर्म नहीं है कि छापामार दस्ता किस विभाग के हैं। लेकिन जानकार लोग कह रहे हैं कि छापामार टीम आयकर विभाग की है। महासमुंद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची है लेकिन पुष्ट जानकारी किसी ने मीडिया को नहीं दी है।

## रविवार सुबह बड़ा हादसा, एक्सप्रेस वे पर तीन लोगों की दर्दनाक मौत



**दौसा।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। जिसमें तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और छह घायल हो गए। परिवार के सदस्य अस्थियां विसर्जन के लिए हरिद्वार जा रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। दौसा जिले के बांदीकुई थाना इलाके के आभानेरी के नजदीक दिल्ली मुंबई-एक्सप्रेस वे पर यह हादसा हुआ। मृतक और घायल एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। कार सवार परिवार अपने किसी परिचित की अस्थियां लेकर हरिद्वार जा रहा था, लेकिन इस बीच आभानेरी के पास नील गाय सामने आ गई। उसे बचाने के दौरान तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई।

## पीओके में गृहयुद्ध जैसे हालात, पाकिस्तानी फौज के साथ कश्मीरियों के टकराव में एक अधिकारी की मौत

**इस्लामाबाद, 12 मई [एजेंसी]।**

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अभी कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। लोग बिजली बिलों पर लगाए गए अन्यायपूर्ण टैक्स का जमकर विरोध करते हुए सड़कों पर उतर गए है। कश्मीरियों ने शाहबाज सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और गुस्से में पाकिस्तानी फौज पर जमकर पत्थर बरसाए। लोगों के बेकाबू गुस्से को शांत करने के लिए पुलिस को हवा में फायरिंग करनी पड़ी, लेकिन तब भी हलात सामान्य नहीं हुए। पुलिस कार्रवाई के विरोध में पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद में हड़ताल किया गया। इस दौरान व्यवसाय बंद रहे और सामान्य जनजीवन प्रभावित भी हुआ। सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुए टकराव में एक पाकिस्तानी पुलिस अधिकारी की भी मौत हो गई।



पीओजेके में चल रहे विरोध प्रदर्शन और शटडाउन हड़ताल के दौरान हुई हिंसक झड़पों में कम से कम एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और 90 अन्य घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, मीरपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कामरान अली के उप-निरीक्षक अदनान कुरेशी की इस्लामगढ़ शहर में सीने में गोली लगने से मौत हो गई, जहां वह मुजफ्फराबाद के लिए एक रैली को रोकने के लिए अन्य पुलिस कर्मियों के साथ तैनात थे।

## भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष की मौत कार का टायर हो गया था पंचर, तभी...



**रायसेन।** मध्य प्रदेश में रायसेन जिले के भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश किरार की सड़क हादसे में मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जयप्रकाश किरार शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अपने साथियों के साथ उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन कर रायसेन लौट रहे थे। रायसेन के करीब सांची रोड पर ग्राम खानपुरा में उनकी कार का टायर पंचर हो गया था। जब वह इसे बदल रहे थे, तभी एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में किरार गंभीर रूप से घायल हो गए।

उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जयप्रकाश किरार भाजपा के जिला अध्यक्ष रह चुके थे। वे मूल रूप से विदिशा के निवासी हैं। उनकी पत्नी अनीती किरार भी जिला पंचायत अध्यक्ष रही हैं।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## पाकिस्तान के विमान में बदबू से मचा हड़कंप

### दुबई से इस्लामाबाद जा रही थी फ्लाइट, जांच में सामने आई ये बात

**इस्लामाबाद, 12 मई [एजेंसी]।**



दुबई से इस्लामाबाद जा रही पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की एक फ्लाइट में उस वक्त तनाव भरी स्थिति पैदा हो गई जब यात्रियों ने फूड स्टोरेज एरिया से जलने की बदबू आने की बात कही। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, जानकारी मिलते ही इमरजेंसी घोषित की गई। त्वरित कार्रवाई के लिए दुबई हवाई अड्डे पर फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस सहित आवश्यक सेवाओं की तैनाती की गई। उड़ान चालक दल द्वारा गहन जांच के बाद विमान को अंततः इस्लामाबाद के लिए प्रस्थान के लिए मंजूरी दे दी गई। पीआईए के प्रवक्ता ने उड़ान के दौरान धुआं निकलने के परिणामस्वरूप उड़ान में देरी की पुष्टि की।

# कलेक्टर एवं एसपी ने किया जिला जेल का औचक निरीक्षण

## स्वास्थ्य, सुरक्षा, सफाई एवं बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं का लिया जायजा





कोरबा । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी द्वारा आज संयुक्त रूप से जिला जेल कोरबा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जेल में कैदियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, सफाई एवं दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर-एसपी ने अपने निरीक्षण के दौरान मुलाकात कक्ष, किचन, पुरूष बैरेक, प्रवेश द्वार, गौशाला आदि के साथ बुजुर्ग बंदियो के बैरकों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में मौजूद विभिन्न पंजियों और सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी सिस्टम, कंट्रोल रूम की भी जांच की। कलेक्टर ने जेल निरीक्षण के दौरान बंदियों से उनके मामलों के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला जेल की 15 बैरकों में कुल 238 बंदी निरूद्ध होने की जानकारी दी गई।बैरक में कलेक्टर-एसपी ने महिला बंदियों से मुलाकात की और छोटे बच्चों का भी हालचाल पूछा। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट और टॉफियां बांटी। कलेक्टर ने इस दौरान जेलर को बच्चों को खेलने के लिए खिलौनों और महिलाओं तथा अन्य कैदियों को पढ़ने के लिए ज्ञानवर्धक तथा प्रेरणादायक पुस्तकों के अलावा समय के सदुपयोग के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराने, मानसिक तनाव को दूर करने योगा, व्यायाम कराने के संबंध में भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने बंदियों को भोजन देने की व्यवस्था, स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी लेने के साथ जेल परिसर में घुमकर सुरक्षा व्यवस्था का भी मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने जेलर को निर्देशित किया कि जेल मैन्युअल के अनुसार जो भी आवश्यकताएं हैं, उसे प्रस्ताव बनाकर दें, ताकि यहां की आवश्यकताओं को पूरा कर समस्याओं को दूर किया जा सकें। कलेक्टर ने किचन सहित टॉयलेट को साफ-सफाई रखने, बंदियों को मानसिक तनाव से दूर रखने और जीवन शैली में सकारात्मक परिवर्तन के लिए गतिविधियां आयोजित कराने, सब्जी-बाड़ी लगाकर उत्पादन बढ़ाने तथा गौ-शाला के माध्यम से दूध उत्पादन के संबंध में जेलर विजयानंद सिंह को निर्देश दिए।

## बीकन विद्यालय का परीक्षा फल उत्कृष्ट



कोरबा। वर्ष 23-24 में आयोजित मा0 शिक्षा मंडल का कक्षा 10 वी और 12 वी का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बीकन विद्यालय एस. ई. सी एल. का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10 वी मैं

वंशिका शर्मा 95.33त्न. लेकर प्रथम स्थान प्राप्त की तथा कक्षा 12 वीं में सुमित शर्मा 89.6त्न लेकर प्रथम स्थान रहा ।

इसी प्रकार क्रमश 10 वीं में दीक्षा साह द्वितीय तथा रिजवान बक्शी तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा 12 वी वाणिज्य समूह मै प्रणव द्वितीय और तृतीय रुचि श्रीवास रही,विज्ञान समूह मैं एजाज अहमद प्रथम , आदित्य कुमार रॉय द्वितीय तथा रमा पटेल तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया है । मोनो क्रिशियन एजुकेशन सोसायटी के प्रबंधक श्री पी. बी सोना के द्वारा उत्तीर्ण सभी छात्र छात्रों को अपने आशीर्वचन के रूप मैं तथा उनके माता पिता और विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को बच्चो की सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिएतथा विद्यालय के प्राचार्य श्री मनोज कुमार गाडलिब सर के द्वारा उनके भविष्य उज्ज्वल की कामना किया गया । इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती कल्पना मिश्रा, सुश्री चांदना अधिकारी ,श्री घनश्याम पटेल,श्रीमती यतीमा अतुल नाथन, देवेंद्र पांडे, सत्यप्रकाश की उपस्थिति सराहनीय रहा।

## स्कूटी में घूसे घोडा करैत सर्प को निकालकर जंगल में छोड़ा

कोरबा। कोरबा के टीपी नगर में संचालित पॉम मॉल के पार्किंग ईलाके में बीती रात उस वक्त अफरा तफरी की स्थिती निर्मित हो गई जब वहां मौजूद एक स्कूटी के भीतर जहरीला घोडा करैत सांप प्रवेष कर गया। सांप पर नजर पडते ही मौके पर मौजूद लोगों के होष उड गए और उसके रेस्क्यु के लिए सर्पमित्रों को फोन किया गया मौके पर पहुंचे सर्पमित्रों की टीम ने सांस का रेस्क्यु किया तब लोगों ने राहत की सांस ली जिसके बाद सांप को जंल में छोड दिया गया।

## शराब ने नशे में चालक,हादसे में पांच घायल

कोरबा। कोरबा में बालको थाना अंतर्गत अजगरबहार गांव के पास जबरदस्त हादसा हुआ। शराब के नशे में चार पहिया वाहन चला रहा चालक वाहन समेत सड़क किनारे एक घर में जा घुसा,जिससे पांच लोग घायल हो गए वहीं एक की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है,कि मुड़ापार क्षेत्र से कुछ युवक पिकनिक मनाने के लिए सतरेंगा गए हुए थे,वहां से वापसी के दौरान हादसा हो गया। फिलहाल सभी घायलों का उपचार अस्पताल में चल रहा,वहीं पुलिस शराबी चालक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# वैध अहाता शुरू किए गए शराब दुकानों के पास, मिलेगा राजस्व



कोरबा। छत्तीसगढ़ में सरकार बदलते ही नई सरकार द्वारा कई विभागों में चल रहे भर्राशाही को खत्म करते हुए बदलाव कर रही है। इसी बीच एक और बड़ा बदलाव छत्तीसगढ़ में हो रहा है जहां पूर्व में संचालित प्रदेश के सभी शराब दुकानों के आसपास संचालित हो रहे अवैध ठेला, दुकानों, गुमटी को हटाकर वैध अहाता के लिए ठेका पद्धति लाई गई है जिससे सरकार को राजस्व के रूप में करोड़ों रुपए की बड़ी राशि भी प्राप्त हो रही हैइसी कड़ी में कोरबा जिले में शराब दुकानों के अहाता के लिए करोड़ों रुपए की बोली लगाई गई है। कोरबा जिले के सबसे महंगे शराब दुकान अहाता में कलेक्टर कार्यालय से महज कुछ दूर संचालित रामपुर शराब दुकान की लगी है जिसके लिए अधिकतम बोली 50 लाख रुपए है। इसी तरह कोरबा जिले में लगभग 29 दुकानों के सामने अहाता के लिए ठेका किया गया है जिसमें लगभग करोड़ों रुपए की बोली लगी है।

इस अहाते के संचालन को लेकर आबकारी विभाग द्वारा अधिकतम बोली लगाने वाले ठेकेदारों को दो दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से राशि जमा करने को कहा है। किसी कारणवश अधिकतम बोली लगाने वाले ठेकेदार के द्वारा यदि राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो उसके निकटतम बोली के नीचे क्रमशः आने वाले ठेकेदारों को मौका दिया जाएगा।छत्तीसगढ़ में शराब दुकान परिसर के भीतर अहाता खुलने से जहां शराबियों को बैठ कर पीने एवं खाने-पीने की चीजों को परोसने की जिस तरह से व्यवस्था बनाई जा रही है। इस व्यवस्था से सरकार को भी हर साल करोड़ों रुपए के राजस्व मिलेंगे।पहले यह भी देखने को मिलता था कि शराब प्रेमियों को शराब खरीदने के बाद सुरक्षित जगह पर बैठकर शराब पीने की दिक्कतें बहुत ज्यादा होने लगी थी। शराब दुकान के पास अहाता संचालन होने से मदिरा प्रेमियों को भी फायदा होने वाला है। मदिरा प्रेमी अपने पसंद की शराब खरीदकर अहाता के भीतर बैठकर शराब का सेवन कर सकते हैं जिससे उन्हें शराब पीने के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा।

## गेवरा खदान से काफी नजदीक चल रही गतिविधियों के कारण रिहायशी क्षेत्र में पैदा हुई कई समस्याएं

कोरबा। एसईसीएल गेवरा क्षेत्र द्वारा ग्राम अमगांव का सम्पूर्ण भूमि का अर्जन कर कोयला खनन विस्तार के लिए किया जा रहा है। वर्तमान में अर्जित क्षेत्र के दर्राखांचा, जोकाहीडबरी के क्षेत्र पर गेवरा क्षेत्र के बजाय एसईसीएल की दीपका क्षेत्र द्वारा रिहायसी क्षेत्र से मात्र 15 मीटर दूरी पर मिट्टी व कोयला उत्खनन कार्य का विस्तार किया गया है जिसके कारण जानमाल को खतरा व प्रदूषण की समस्या निर्मित हो गई है। यहां निवासरत भूविस्थापितों की मुआवजा, रोजगार, बसाहट की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है।

वार्ता में दिए गए आश्वसन पर कार्यवाही नहीं की जा रही है। इससे नाराज भूविस्थापित परिवार द्वारा मिट्टी व कोयला उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की जा रही है।ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने कलेक्टर और पर्यावरण सरंक्षण मंडल से गांव की सुरक्षा और समस्याओं का समाधान होने तक इस क्षेत्र में उत्खनन कार्य को बंद रखने की मांग की है। समिति ने कहा है कि ग्राम अमगांव के आश्रित मोहल्ला जोकाहीडबरी के शेष बचे 91 परिवार के मकानों का मुआवजा का निर्धारण 8 वर्ष पूर्व किया गया था जिसका मुआवजा पत्रक बन जाने के बावजूद भुगतान नहीं किया जा रहा है। पूर्व में जिनका मुआवजा भुगतान किया गया है उनका 100 प्रतिशत सोलिशियम प्रदान किया जाना शेष है। दर्राखांचा के मकानों का नापी एक वर्ष पूर्व किया गया है किन्तु नापी के बाद परिसम्पतियों, मकानों का बनाए गए मुआवजा राशि की जानकारी सहित पावती प्रदान नहीं किया गया है। ग्राम अमगांव के लिए नेहरूनगर बतारी में दिए गए पुनर्वास स्थल में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई है। रोजगार, बसाहट, मुआवजा का शेष प्रकरण, वैकल्पिक रोजगार, पेयजल संकट आदि मांगो को लेकर हुई वार्ता में दिए गए आश्वासन के अनुसार कार्यवाही पूर्ण नहीं की गई है।

# एल्युमिनियम उत्पादन के मामले में वेदांत समूह की बालको परियोजन ने नए कीर्तिमान स्थापित किए

कोरबा । जिले में स्थापित वेदांता समूह की संयुक्त क्षेत्र के वृहद उपक्रम भारत एल्युमिनियम कंपनी (बालको) के उत्पादन में उछाल आया है। बालको ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में पांच लाख 84 हजार टन एल्यूमिनियम उत्पादन दर्ज किया है। जबकि 2022-23 में यह आंकड़ा पांच लाख 69 हजार टन था। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थापित वेदांता समूह की संयुक्त क्षेत्र के वृहद उपक्रम भारत एल्युमिनियम कंपनी (बालको) संयंत्र की अधिकृत उत्पादन क्षमता पांच लाख 70 हजार टन सालाना है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पांच लाख 82 हजार टन एल्यूमिनियम उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया था। कंपनी ने लक्ष्य से अधिक पांच लाख 84 हजार टन एल्यूमिनियम का उत्पादन दर्ज किया। यहां बताना होगा कि बालको में स्मेल्टर संयंत्र के विस्तार परियोजना का काम चल रहा है। आने वाले समय में बालको की एल्यूमिनियम उत्पादन क्षमता बढ़कर 10 लाख टन सालाना से अधिक हो जाएगी। 1200 एवं 540 मेगावाट क्षमता वाला विद्युत संयंत्र भी प्रचालन में है।

**वेदांता लिमिटेड के झारसुगड़ा संयंत्र से 17.81 लाख टन का हुआ उत्पादन**

वेदांता समूह का ओडिशा के झारसुगड़ा में भी 18 लाख टन एल्यूमिनियम उत्पादन क्षमता वाला स्मेल्टर संयंत्र स्थित है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस संयंत्र से 17 लाख 81 हजार टन एल्यूमिनियम उत्पादन दर्ज किया गया है। जबकि 2022-23 में 17 लाख 22 हजार टन एल्यूमिनियम उत्पादन हुआ था। वेदांता का लांजीगढ़ में 2 मिलियन टन क्षमता वाला एल्यूमिना रिफाइनरी संयंत्र प्रचालन में हैं। इस संयंत्र से बालको एवं झारसुगड़ा के स्मेल्टर संयंत्र को एल्यूमिना पाउडर की आपूर्ति होती है।


**56.83 फीसदी की है हिस्सदारी**

देश के एल्यूमिनियम उत्पादन में वेदांता समूह की 56.83 फीसदी की हिस्सदारी है। वेदांता के अलावा पब्लिक सेक्टर के नालको (4.60 लाख टन) एवं निजी कंपनी हिंडाल्को (13.40 लाख टन) द्वारा एल्यूमिनियम उत्पादन किया जाता है।

## गर्मी के मौसम में जलप्रपात ने सैलानियों को किया आकर्षित

महेन्द्रगढ़। प्रदेश का एमसीबी जिला प्रकृति की गोद में बसा हुआ है,जहां ऐसे कई स्थान है जो अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए हैं चाहे वह धार्मिक आस्था का केंद्र हो या प्रकृति की सुंदरता को दिखाने वाले । प्रकृति वही सौंदर्य को अपनी अलग पहचान देने वाला रहमदाहा जलप्रपात अपने आप मे एक अलग महत्व रखता हैं। यहां भीषण गर्मी में सैलानियों का आना जाना काफी बढ़ जाता है और यहां की सौंदर्य को देखने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगते हैं और यहां का आनंद उठाते हैं।

# हाथियों का विचरण जिला वन-मंडल में अनवरत जारी-ग्रामीण दहशत में



कोरबा। कोरबा जिले के वन मंडल में हाथी अलग-अलग झुंड में घूम रहे हैं। रबी की फसल पकने के कारण किसान खेत की तरफ जा रहे हैं। इसके साथ ही तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण जंगलों की ओर पहुंच रहे हैं। इससे हाथियों के हमले का डर भी बना हुआ है। सरकार द्वारा तेंदूपत्ता की दर साढ़े 5 हजार रुपए मानक बोरा किए जाने के बाद तेंदूपत्ता संग्राहक बढ़े हैं। ऐसी हालत में हाथी और ग्रामीणों के बीच संघर्ष की स्थिति बन सकती है। फॉरेस्ट विभाग हाथियों को रोकने के कारगर उपाय नहीं कर पा रहा है।

ग्रामीण एवं हाथी की सुरक्षा के लिए गांव में मुनादी बैठक लेकर ड्रोन से लोकेशन की जानकारी से लोगो को सावधान किया जा रहा है। इस सब उपाय को करने के बाद भी कोई असर नहीं हो रहा है। रबी की फसल पक रही है। फसल की कटाई चल रही है। दोपहर के वक्त तेज धूप और भीषण गर्मी के कारण किसान सुबह ही खेतों की तरफ चले जाते हैं। सुबह फसल कटाई कर लौटते हैं। यही वक्त हाथियों का भी घने जंगल से बाहर निकलने का होता है। इसके साथ ही तेंदूपत्ता संग्रहण चल रहा है। कुछ लोग डरकर बाहर नहीं निकलते जबकि कुछ लोग जान जोखिम में डालकर निकलते हैं। उनके लिए आय का यही जरिया है।

## पिपरिया में अंधड़ से कई पेड़ धराशायी

कोरबा। मौसम में हुए बदलाव का कोरबा जिले के पिपरिया गांव में जमकर प्रभाव पड़ा। तेज आंधी-तुफान के साथ ही बारिश होने लगी जिससे मौके पर कई पेड़ धराशायी हो गए। मौसम में हुए बदलाव के बीच मौके पर लगे बाजार में अफरा-तफरी की स्थिती निर्मित हो गई। व्यापारियों के द्वारा लगाया गया पंडाल भी उखड़ गया। बिजली के तार पर पेड़ की डाल गिरने से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से बाधित हो गई। आंधी-तुफान के कारण एक दर्जन बिजले के खंबे क्षतिग्रस्त हो गए,जिससे पूरा ईलाका अंधेरे में डूब गया। वहीं पेड़ों के गिरने से पेंड्रा-चिरमिरी-बैकुंठपुर मार्ग कई घंटो तब बाधित रहा।

# गर्मी के मौसम में तापमान में गिरावट के संकेत,कोरबा सहित अन्य जिले होंगे प्रभावित

कोरबा। छत्तीसगढ़ में अगले 5 दिनों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। आज रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर संभाग में बारिश के आसार हैं। सरगुजा संभाग में भी के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ छीटे पड़ सकते हैं। मौसम विभाग ने 15 मई तक के लिए यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक 2 दिनों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा, लेकिन 24 घंटे के बाद 2 से 3 डिग्री की गिरावट होगी। शनिवार को सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री बेमेतरा में रिकॉर्ड किया गया । वहीं, सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 20.3 डिग्री दर्ज किया गया ।मौसम विभाग के मुताबिक आज सरगुजा, जशपुर ,बलरामपुर, बिलासपुर, पेंड्रा, रायगढ़, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर, रायपुर, बलौदा बाजार, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव में हल्की बारिश के आसार हैं।12 मई को रायपुर और बस्तर संभाग के ज्यादातर हिस्सों में गरज-चमक के साथ बौछार पड़ने के आसार हैं। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि 13 मई से बारिश, अंधड़ और गरज-चमक पड़ने की गतिविधियां बढ़ेंगी। इसका असर राज्य के सभी संभागों में नजर आएगा। इस वजह से दिन के तापमान में गिरावट आएगी। 15 मई तक प्रदेश में यही हालात रहेंगे।

उत्तर-पश्चिम राजस्थान के ऊपर एक चक्रवात है। यहां से मध्यप्रदेश, झारखंड, प. बंगाल होते हुए दक्षिण असम तक एक द्रोणिका है। मध्यप्रदेश और आसपास 1.5 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवात है। इस सिस्टम की वजह से समुद्र से नमी आ रही है। राजस्थान और मध्यप्रदेश में इस वजह से बारिश हो रही है। छत्तीसगढ़ में भी इसका असर दिख रहा है।

## लकड़ी ले जाने को लेकर हुआ विवाद

कोरबा। कोरबा के दर्री क्षेत्र में एनटीपीसी गेट के पास पूजा के लिए गिरे हुए पेड़ की लकड़ी ले जाने को लेकर जमकर विवाद हुआ। एनटीपीसी के सुरक्षा प्रमुख ने देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री को गाली देने लगे,जिसके बाद मौके पर मौजूद भाजपा पार्षद नरेंद्र सिंह भड़क गए जिसके बाद भाजपाईयों की टीम मौके पर पहुंच गई और गेट पर ही नारेबाजी करने लगी। विभागीय सुरक्षा प्रमुख ने जब माफी मांगा तब जाकर मामला शांत हुआ।

## केजरीवाल को जमानत मिलने पर जिले के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल



कोरबा । आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने से पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। जमानत मिलने की खुशी में आम आदमी पार्टी कोरबा के द्वारा घंटाघर के निकट कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर व मुंह मीठा करा कर बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने अरविंद केजरीवाल तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं का नारा बुलंद किया। इस मौके पर जिला सचिव शत्रुघन साहू ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है ,पर पराजित नहीं हो सकता। केजरीवाल को जमानत मिलने से इंडिया गठबंधन और मजबूत होगा महिला विंग जिला अध्यक्ष प्रतिमा सिन्हा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल आग में तप कर सोने के समान हो गए हैं। जिसका सकारात्मक परिणाम आने वाले चरणों के मतदान पर पड़ेगा। इस अवसर पर एसटी विंग जिला अध्यक्ष जलाल राठिया, महिला विंग उपाध्यक्ष शालिनी वाडोकर, कोषाध्यक्ष आनंद सिंह के अलावा वामन वडोकर, सुदर्शन सिंह राठिया, नरेश रतिया, लोचन कुमार राठिया, गुरुवार सिंह बघेल, सुंदरलाल राठिया, धनीराम राठिया, योगेश राठिया आदि की उपस्थिति रही।

## दीपका परियोजना का अवलोकन किया सीएमडी ने

कोरबा। एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा दीपका मेगापरियोजना के दौरे पर पहुंचे। दौरे के दौरान उन्होंने खदान के हर पैच में उत्पादन-उत्पादकता से जुड़े विषयों पर चर्चा की एवं आगामी महीनों के लिए उत्पादन योजना के बारे में जानकारी ली। आगामी मानसून को देखते हुए उन्होने उससे जुड़ी तैयारियों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की साथ ही उत्खनन विभाग के अधिकारियों के साथ डिपार्टमेंटल क्षमता की बेहतर उपयोगिता को लेकर चर्चा की। दौरे के दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक अमित सक्सेना साथ रहे।

# डीएनए परीक्षण में पुष्टि होने के बाद भी 24 साल से जारी है कौशल्या का संघर्ष

अंबिकापुर। जशपुर जिले के दुलदुला ब्लॉक के झरगांव की कौशल्या बड़ाइक 24 साल से संघर्ष कर रही हैं। इसके बारे में बताते हुए कौशल्या बताती हैं कि 24 साल पहले कुनकुरी के हॉलीक्रास हॉस्पिटल में मेरा प्रसव हुआ, सब लोगों ने बधाई दी कि लड़का हुआ है। अस्पताल से छुट्टी मिली, तो मुझे बच्ची सौंप दी गई। वो बच्ची मरी हुई थी। ये पल मेरे लिए प्रसव पीड़ा से कहीं ज्यादा पीड़ा का था। मैं रोती रही, कहती रही मेरा लड़का हुआ था। लड़की कहां से आ गई, लेकिन मेरी बात कोई मानने को तैयार नहीं हुआ।मैं घर आ गई, मेरा बेटा दूसरी महिला को दे दिया गया था, वो महिला मेरे पड़ोस के ही चिरइडांड गांव की थी, जिसका मेरे साथ उसी अस्पताल में प्रसव हुआ था। उसके बच्चे नहीं बच रहे थे, इसीलिए मेरा बेटा बदल कर उसे दिया गया था। मैं यह भूल नहीं पा रही थी। लड़के पर नजर रखने लगी, समय बीतता गया, लड़का बड़ा होता गया, वह हम लोगों की तरह दिख रहा था। हमने हर जगह गुहार लगाई।प्रशासन-पुलिस के पास गए, लेकिन लड़का ले नहीं पाए। थक हारकर महिला आयोग में डीएनए टेस्ट के लिए गई। लड़के के पालक आए ही नहीं, इसी दौरान लड़के की मौत हो गई। सब लोग कहने लगे अब लड़कर क्या करोगी, जिसके लिए लड़ रही थी, वो तो अब रहा नहीं, मैं अपने आप को समझा नहीं पा रही थी। हारने वाली नहीं हूं। जब तक यह साबित नहीं कर दूंगी कि वह मेरा बेटा था तब तक लड़ती रहूंगी। मुझे विश्वास है कि एक दिन मेरा दावा सच होकर रहेगा।आयोग में सुनवाई के दौरान हो गई मौत -कौशल्या बच्चे के मौत के कारणों को भी संदिग्ध मान रही है। उनका कहना है कि बीमार होने पर उसका इलाज भी नहीं कराया, क्योंकि उन्हें डर था कि डीएनए टेस्ट से सच्चाई सामने आ जाएगी। साल 2000 में अस्पताल में प्रसव के बाद बेटा बदल दिया गया था। महिला आयोग में 2020 में हमारा केस स्वीकार हुआ। जून 2023 में बच्चे की भी मौत हो गई। आयोग में डीएनए जांच के लिए अस्पताल प्रबंधन के साथ बच्चे के पालक को नोटिस जारी किया, लेकिन सुनवाई में केवल अस्पताल प्रबंधन ही पहुंच रहा था।

सच सामने आ जाए मुझे संतोष हो जाएगा- डीएनए जांच में सच सामने आने के बाद आगे क्या सोचती हैं इस सवाल पर कौशल्या कहती हैं कि अब तो लड़का रहा नहीं जो मुझे मिल जाएगा, कम से कम यह तो संतोष तो हो जाएगा कि वो मेरा बेटा था और मैं उसकी मां थी, इसी में अपना बचा हुआ जीवन गुजार लेंगे। उनका क्या है उसके चार बच्चे हैं। मेरा तो बस वो ही था।

कौशल्या बताती हैं कि हम लोग ही नहीं गांव के लोग भी यह मानने लगे थे कि वो लड़का मेरा ही था, लेकिन वो लोग बेटे को देने को तैयार नहीं हुए। लड़का हम लोगों के घर आता था। खाना खाता, बाइक चलाता, मोबाइल देखता और घर चला जाता था। उम्मीद थी कि डीएनए जांच के बाद बेटा मिल जाएगा। इसी इंतजार में कई साल बीत गए। हम लोगों ने दूसरे बच्चे के बारे में सोचा ही नहीं। इसी कारण अभी तक घर भी नहीं बनाया। कौशल्या और उनके पति चमरू पेशे से शिक्षक हैं।अंबिकापुर में आयोग की हुई संभाग स्तरीय सुनवाई में मामले में डीएनए जांच का आदेश हुआ है। चुनाव बाद डीएनए टेस्ट होगा, तब साफ होगा बच्चा किसका था।

# भगवान परशुराम ने अपने जीवन में शस्त्र एवं शास्त्र दोनों को धारण किया -राजेश्री महन्त

## ब्राह्मण युवा संगठन चांपा द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित उपनयन संस्कार में सम्मिलित हुए महामंडलेश्वर

**चांपा।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज दिनांक 10 मई 2024, वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ब्राह्मण युवा संगठन चांपा के द्वारा आयोजित उपनयन संस्कार कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर संगठन के द्वारा उनका बहुत ही आत्मियता पूर्वक स्वागत किया गया। उन्होंने सभी बटुकों से सौजन्य भेट मुलाकात कर आशीर्वाद प्रदान किया तत्पश्चात उपस्थित जन समूह को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि- ब्राह्मण युवा संगठन चांपा के द्वारा प्रत्येक वर्ष अक्षय तृतीया को बटुकों का उपनयन संस्कार का कार्यक्रम आयोजित होता है, यह एक अत्यंत सराहनीय सामाजिक कार्य है। भगवान परशुराम ने अपने जीवन में शस्त्र एवं शास्त्र दोनों को धारण किया वे मात्र एवं पितृ भक्त थे। उन्होंने



अपने गुरु का भी सम्मान किया। जब उन्हें पता चला कि भगवान शिव का धनुष टूट गया है तब वे धनुष यज्ञ में पहुंच गए किंतु जब उन्हें यह ज्ञात हो गया कि भगवान रामचंद्र जी साक्षात विष्णु के अवतार हैं तब उन्होंने अपना भूल स्वीकार करने में संकोच भी नहीं किया। लोगों को भागवताचार्य दिनेश दुबे ने भी संबोधित किया और कहा कि- यहां के ब्राह्मण समाज के संगठन की कार्य विधि प्रशंसनीय है, ये निरंतर समाज हित में कार्य कर रहे हैं।

इसके पूर्व ब्राह्मण युवा संगठन चांपा के अध्यक्ष पद्मेश शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि- सन 1998 से लेकर आज तक बटुकों का उपनयन संस्कार का कार्य चल रहा है प्रारंभ में हमें कुछ लोगों ने हतोत्साहित किया किंतु हमारा संगठन निरंतर आगे बढ़ा है। भगवान परशुराम युवा संगठन चांपा द्वारा बटुकों का जनेऊ संस्कार के साथ विवाह संस्कार का कार्य भी संपन्न होता है। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से कार्यक्रम में नरेश धार दीवान, जी पी दुबे, पुरुषोत्तम शर्मा, महेंद्र तिवारी, योगेंद्र तिवारी, श्रीमती वंदना पांडे, पद्मा शर्मा, मणिमाला शर्मा, निशा पांडे, संगीता पांडे, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित सामाजिक संगठन के अनेक पदाधिकारी गण उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन बसंत चतुर्वेदी ने किया।

## 87 प्रतिशत अंक मिले ज्योति को



**जांजगीर।** ग्राम पंचायत जर्वे (च) निवासी किशन लाल साहू जो पेशे से किराना व्यापारी है जिनकी सुपुत्री एवं जादूराम साहू की छोटी बहन कु. ज्योति साहू ने 12 वी में 87.2 प्रतिशत छग बोर्ड से लाकर अपने गांव,शहर,क्षेत्र,समाज परिवार का नाम रोशन कि है। बता दें कि 10 वी सीबीएसई बोर्ड 2022 मे भी 93.2 प्रतिशत ला चुकी है और डॉक्टर बनने के सपने को ले कर 11 वी 12 वी पढते पढते अभी 2 साल से बिलासपुर में रह कर नीट की तैयारी कर रही थी। ऐसे मेधावी छात्रा के उनके रिश्तेदार तथायार दोस्तों ने बधाई प्रेषित की है।

## लाज में हो रहा देह व्यापार

**अकलतरा।** नगर के कुछ लाज में देह व्यापार संचालित हो रहा है। यहां कुछ घंटे के लिए बाहर से युवती और महिलाएं संदिग्ध पुरूषों के साथ आती हैं और कुछ देर रूककर वे चले जाते हैं कम समय में ही लाज होटल संचालकों को अच्छी रकम मिल जाती है इसलिए वे भी जाने अंजाने इस अपराध के सहभागी बनते हैं इस अनैतिक कारोबार से आसपास का माहौल खराब हो रहा है और लोगों में आक्रोश भी है। जानकारी के अनुसार कोलकाता एवं अन्य शहरों से ट्रेन में यहां लड़कियां आती हैं। कुछ घंटे या एक रात रूककर दूसरे दिन चली जाती हैं। पुलिस द्वारा कभी होटल और लाज तथा धर्मशालाओं के यात्री रजिस्टर की जांच नहीं की जाती । इसके चलते यहां अनैतिक कारोबार बढ़ रहा है। युवा और किशोर भी इसकी जद में हैं। नगरवासी भी दबी जुबान से इसकी चर्चा कर रहे हैं मगर पुलिस बेखबर हैं।

## ताला तोड़कर चोरी आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित के पास से चोरी गए सामान और 13 हजार रूपये नकदी रकम जब्त किया है। मामला अकलतरा थाना का है। ग्राम बाना निवासी गंगोत्री बाई कंवर अपनी भतीजी रिद्धी कंवर के यहां गई थी। अपने घर वापस आई तो देखा कि घर कि घर में चोरी हो गई है, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी। पुलिस ने छानबीन के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया।

## कलेक्टर ने कक्षा 10वीं के टॉप-10 में शामिल जान्हवी और राहुल को किया सम्मानित



**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्टोरेट परिसर पर कक्षा 10वी के टॉप-10 में शामिल छात्रा सुश्री जान्हवी पटेल और छात्र राहुल कुमार गबेल को जनरल नॉलेज, पेन और चाकलेट देकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने दोनों बच्चो को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी टॉप-10 की सूची में स्थान बनाने तथा जिले के नाम रोशन करने पर मिठाई खिलाते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छात्र राहुल कुमार गबेल ने बताया की वह आगे चलकर आईआईटी-जेईई की परीक्षा पास कर इंजीनीयर बनना चाहते है। इसी प्रकार छात्रा सुश्री जान्हवी पटेल ने कहा की वे आगे चलकर प्रोफेशनल आर्टिस्ट बनना चाहती है। इस अवसर पर छात्रा सुश्री जान्हवी पटेल ने ठुमक चलत रामचन्द्र बाजत पैजनिया...... की मधुर गीत भी सुनाई । दोनों ही बच्चो ने अपनी सफलता पर अपने पैरेंट्स, शिक्षक सहित आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सभी संबंधित को धन्यवाद दिया है ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने दोनों बच्चो को बधाई देते हुए उनके अभिभावकों को भी बधाई दी द्य उन्होंने कहा की बच्चो की सफलता के पीछे उनके अभिभावकों का भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है द्य उन्होंने बताया की कक्षा दसवी के बाद ही किसी भी छात्र के करियर की शुरुआत होती हैद्य उन्होंने बच्चो को अपनी रूचि के अनुसार करियर डिसाइड करते हुए कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया ।

कलेक्टर श्री तोपनो ने हाई स्कूल और हायरसेकण्ड्री परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने जिले के सभी बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा की टॉप-10 सूची में छात्रा सुश्री जान्हवी पटेल और छात्र राहुल कुमार गबेल दोनों ही बच्चो ने स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। जिला शिक्षा अधिकारी नरेश चंद्रा ने भी बच्चो को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

उल्लेखनीय है की छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा विगत दिवस कक्षा 10 वीं और 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है । जिसमे सुश्री जान्हवी पटेल पिता रामनारायण पटेल माता श्रीमती मंजुश्री पटेल ने कक्षा 10 वीं में 97.83 प्रतिशत के साथ प्रदेश में छठवां स्थान और राहुल कुमार गबेल पिता राजेश कुमार गबेल माता श्रीमती रोशनी गबेल ने कक्षा 10 वीं में 97.17 प्रतिशत के साथ प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है । जिला शिक्षा अधिकारी । नरेश चंद्रा ने आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया । इस अवसर पर राकेश अग्रवाल, योगेश साहू एवम विद्यार्थियों के पालक और शिक्षक गण उपस्थित थे।

# जय परशुराम के नारों से गूंज उठा नगर, विप्र बंधुओं ने निकाली भव्य शोभायात्रा

## परशुराम मंदिर में हुई भव्य आरती, ब्राह्मणों में दिखा उत्साह, महिलाओं की भागीदारी ने लाई भव्यता





**सक्ती।** सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा भगवान परशुराम की जन्मोत्सव के दिन भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सुबह महा आरती के पश्चात शाम में निकली शोभायात्रा में काफी संख्या में मित्र बंधु शामिल हुए। शाम में मुख्य समारोह तथा महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बलौदा बाजार से पंडित सुरेंद्र शर्मा मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने ब्राह्मण समाज के लोगों से संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी की एकजुट काफी आवश्यक है। ब्राह्मण समाज को मजबूत बनाने के लिए हम सभी को प्रयास करना बहुत जरूरी है। इस भव्य आयोजन के लिए उन्होंने आयोजन समिति एवं समस्त सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम समाज के अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद चौबे ने कहा कि हम लगातार समाज के उत्थान के लिए कार्य करते रहेंगे और जहां भी जिस समाज की जरूरत होगी हम खड़े रहेंगे। मंच पर डॉ डीडी मिश्रा, पंडित राधेश्याम शर्मा, राजेश शर्मा, पंडित देवेंद्रनाथ अग्निहोत्री, रमेश तिवारी, राकेश द्विवेदी मौजूद रहे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन आयोजन समिति के उमेश शर्मा बंटी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुकेश शर्मा, मदनलाल शर्मा, हरिओम शर्मा, मधुसूदन शर्मा, राजेश शर्मा(बाबा), घनश्याम पांडेय, कमल शर्मा, सजन शर्मा, शैलेंद्र तिवारी, सुमित शर्मा,दीनदयाल शर्मा, विशाल शर्मा, धीरज शर्मा, विकास तिवारी, आकाश शर्मा, अजय शर्मा,अभिषेक शर्मा, बंटी शर्मा, हरीश दुबे, चंद्रप्रकाश तिवारी, रविन्द्र मिश्रा, रितेश शर्मा,सुधीर शर्मा, राज शर्मा, विष्णु शर्मा, तेज प्रकाश उपाध्याय, विनोद पांडेय, राहुल शर्मा, कमल शर्मा का विशेष योगदान रहा।

**विभिन्न स्थानों पर कई सामाजिक संगठनों ने किया स्वागत-**

ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली गई भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा का परशुराम चौक से हार्दिक धर्मशाला पहुंचे तब विभिन्न समाज से भी संगठनों ने भव्य स्वागत किया शीतल पेय तथा जलपान से स्वागत करते हुए फूल माला पहनकर आतिशी स्वागत किया। हरी हॉस्पिटल के सामने चेंबर ऑफ कॉमर्स के विजय डालमिया एवं मनीष कथुरिया तथा अन्य पदाधिकारी के द्वारा व्यवस्था की गई थी तो वहीं नवधा चौक में शिव बुक सेंटर के संचालक मांगेराम अग्रवाल, हनुमान गेट में श्री सिद्ध हनुमान मंदिर परिवार, नगर पालिका के पास श्याम सुंदर अग्रवाल ,सदर स्कूल के पास आर स्टोन क्रेशर के संचालक रामकुमार गबेल एवं उनके परिवार के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। नेहरू कॉलेज के पास हरीश अग्रवाल एवं उनके मित्र गणों के द्वारा तथा अस्पताल चौक में मुस्लिम समाज के द्वारा ब्राह्मण बंधुओं को फूल माला पहनकर एवं शीतल पेय पिलाकर स्वागत किया गया। इसी प्रकार बालाजी गारमेंट्स के सामने लखन लाल शर्मा, राम मंदिर के पास मुकेश अग्रवाल एवं उनकी टीम के द्वारा ब्राह्मण समाज के रैली में शामिल लोगों का शीतल पर मिलकर सम्मान किया। स्वागत करने वालों का मुख्य समारोह के दौरान अतिथियों के कर कमलों से स्वागत करने वाले संगठनों का स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मान किया गया।

# ज्ञानदीप का 10वीं तथा 12वीं का परीक्षा परिणाम

**जांजगीर।** ज्ञानदीप जांजगीर 10वीं तथा 12वीं के परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। 10वीं की परीक्षा में कुल प्रविष्ट 88 विद्यार्थीयों में से 57 विशेष योग्यता के साथ प्रथम स्थान पर अक्षरा यादव 561 (93.33प्रतिशत), द्वितीय स्थान पर स्मिता यादव 533 (88.83प्रतिशत), तृतीय स्थान पर सिमरन राठौर 531(88.50प्रतिशत), इसी प्रकार क्रमशः देवेन्द्र कुमार थवाइत 530(88.33प्रतिशत), अंकित कुमार दिवाकर 512(85.33प्रतिशत), दिव्यांश टैगोर 504(84प्रतिशत), लक्ष्मीन कश्यप 498 (83प्रतिशत), पीहू स्वर्णकार 496 (82.66प्रतिशत), प्रेक्षा चौहान 492 (82प्रतिशत), आदित्य यादव 486 (81प्रतिशत), याशमिन 466 (77.66प्रतिशत), अदिति साहू 455(75.83प्रतिशत), निकिता नागदौने 450 (75प्रतिशत), नोवेल वर्मा 448(74.66प्रतिशत), श्वेता सोनी 437(72.83प्रतिशत), कंचना नायक 435 (72.50प्रतिशत), मानव देंवागन 430 (71.66प्रतिशत), राजदीप राठौर 429 (71.5प्रतिशत), अमीषा राठौर 422 (70.33प्रतिशत), राशी थवाइत 418 (69.66प्रतिशत), साहिबा परवीन 417 (69.5प्रतिशत), राहुल साहू 415 (69.16प्रतिशत), प्रकाश तिवारी 412 (68.66प्रतिशत) हैं।

12वीं की परीक्षा में कुल प्रविष्ट 132 विद्यार्थीयों में से 64 विशेष योग्यता के साथ प्रथम स्थान पर रहे। प्रथम स्थान पर प्रिंस अग्रवाल 449(89.8प्रतिशत), द्वितीय स्थान पर निकीता राठौर 441 (88.2प्रतिशत), तृतीय स्थान पर अंकित वैष्णव 427(85.40प्रतिशत), इसी प्रकार क्रमशः खुशी यादव 416 (83.2प्रतिशत), प्रांशी सिंह 410(82प्रतिशत), साक्षी खटकर 408(81.6प्रतिशत), तनुश्री गबेल 402 (80.4प्रतिशत), विनी बंजारे 377(75.4प्रतिशत), अनिरूध्द सिंह गौतम 373 (74.6प्रतिशत), रितु 372 (74.4प्रतिशत), प्रियंका कंवर 368 (73.6प्रतिशत), विधि शर्मा 364 (72.8प्रतिशत), काजल कश्यप 358 (71.6प्रतिशत), उषा किरण साहू 358(71.6प्रतिशत), अमिषा 351 (70.2प्रतिशत), रिया हंसराज 350 (70प्रतिशत), प्रकृति तंबोली 350 (70प्रतिशत), अश्मित सिंह 347 (69.4प्रतिशत), प्रिंस साहू 346(69.2प्रतिशत), मुस्कान सिंह क्षत्री 344 (68.5प्रतिशत,) प्रकाश साहू 342 (68.4प्रतिशत), दुर्गेश कुमार 341 (68.2प्रतिशत), ऐश्वर्य कुमार राठौर 340 (68प्रतिशत) हैं।

उक्त सभी विद्यार्थियों ने अधिकतम विषयों में विशेष योग्यता के साथ सफलता अर्जित की अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंको से परीक्षा उर्तीण की। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा, संस्था के प्राचार्य डॉ. अखिलेश कटकवार ने अच्छे परीक्षा परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, संस्था की अध्यापन व्यवस्था, पालकों का सहयोग तथा संस्था के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों की मेहनत के लिये हर्ष व्यक्त किया।





## राईस मिलर को दो हजार क्विंटल कम धान मिलने के बाद लगाई पेनाल्टी

**सक्ती।**सक्ती जिले के डभरा ब्लॉक अंतर्गत धान खरीदी केंद्र सीरियागढ़ में लाखों के धान के गबन करने का मामला सामने आया है। 9 मई को खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों ने धान खरीदी केन्द्र सीरियागढ़ का भौतिक सत्यापन किया। राइस मिलरों को पेनल्टी कटने के बाद जांच के दौरान गड़बड़ी का खुलासा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, सेवा सहकारी समिति सिरियागढ़ डभरा के प्रबंधक सरजू चंद्रा के समिति में 82 हजार क्विंटल धान खरीदी की गई थी। इसमें से 80 हजार क्विंटल का उठाव कर लिया गया है। बाकी 2 हजार क्विंटल धान होना चाहिए जिसकी अनुमानित लागत राशि 62 लाख रूपए होती है। इसमें 6 से अधिक राइस मिल का डीओ कटा है।

**भौतिक सत्यापन में नहीं मिला धान**

बताया जा रहा है कि धान उठाव के लिए राइस मिलर ने गाड़ी भेजी तो मौके पर धान नहीं था। इस संबंध में राइस मिलर्स द्वारा अधिकारियों को शिकायत की गई। इस पर खाद्य अधिकारी, सहायक फूड ऑफिसर, डीएमओ, एआरसीएस अधिकारी और जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों ने मौके पर भौतिक सत्यापन किया गया तो धान नहीं पाया गया। मिलर्स की शिकायत सही मिली।

**राइस मिलरों को 2 महीने से लग रही पेनल्टी**

बता दें कि समिति प्रबंधक द्वारा कहा जा रहा है कि उसके पास धान नहीं है जो कार्रवाई करना है कर लें। गौरतलब है कि डीओ काटने के बाद धान न उठाव होने की स्थिति में मिलर्स को पेनल्टी लगती है। इस संदर्भ में सभी राइस मिलर को विगत 2 महीने से पेल्टी लग रही है, जिससे मिलर्स परेशान हैं।

## वाटर कूलर में पानी नहीं भटक रहे यात्री

**सक्ती।** भीषण गर्मी के चलते रेलवे स्टेशन में एक वाटर कूलर यात्रियों के लिए लगाया गया है परंतु उस वाटर कूलर में पानी नहीं होने के कारण उन्हें पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। पूर्व में रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नं1 एवं 2 में दानदाताओं द्वारा प्याऊ घर खोला गया था। यहीं लोग पानी पीते थे मगर इस यहां प्याऊ घर नहीं खुला है। एक वाटर कूलर स्टेशन में हैं मगर उसमें भी पानी नहीं रहता। ऐसे में यात्रियों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन में कई तरह की समस्याए हैं मगर इस ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है जबकि रेल यात्री व नगरवासी कई बार रेल सुविधाओं के लिए अधिकारियों से मांग कर चुके हैं लेकिन समस्याएं जस की तस है। इसके चलते नगरवासियों में आक्रोश है।

## प्याऊ घर संचालन के लिए स्काउट्स गाइड्स सम्मानित

**डभरा।** शासकीय उमावि सपोस के स्काउट्स गाइड्स के द्वारा 9 अप्रैल से प्रारंभ किए गए प्याऊ घर का समापन 10 मई को किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एमआर पटेल शासकीय उमावि सपोस और रंजिता राज डीओसी थी। साथ ही राजेश नायक, विमल शर्मा व्यायाम शिक्षक सेजेस डभरा, चंद्रकांत राठिया स्काउट प्रभारी एमके पटेल, विजय पटेल, रमेश नायक, ज्योति खूंटे, उपस्थित थे।

## 15 घंटे की मेहनत कर टिंकु ने प्रधानमंत्री मोदी को भेंट की पेंटिंग, धन्यवाद पत्र मिलने से पूरा परिवार खुश

**सक्ती।** सक्ती जिला मुख्यालय के वार्ड नं 16 निवासी टिंकू देवांगन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आभार पत्र भेजा है। प्रधानमंत्री ने टिंकू को उनके जनसभा के दौरान दिए गए पेंटिंग के लिए आभार व्यक्त करने ये पत्र भेजा है। पत्र मिलने पर टिंकू देवांगन और उसके परिजनों में खासा उत्साह देखने को मिला।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पत्र में लिखा है कि आपके द्वारा बनाई गई पेंटिंग मुझ तक पहुंचाने के लिए आभार। आपकी इस अभिव्यक्ति ने मेरे हृदय को छू लिया है। आप जैसे परिवारजनों से मिलने वाला स्नेह मुझे देश के लिए जी-जान से कार्य करने की नई ऊर्जा देता है। चित्रकला की शक्ति अद्भुत है।

यह हमारे उन विचारों और संवेदनाओं को भी दर्शाने की क्षमता रखती है जिसे शब्दों में व्यक्त कर पाना मुश्किल होता है। आपकी पेंटिंग में रचनात्मकता और इस कला में आपकी निपुणता का सहज ही अंदाजा लगता है। यह देखना सुखद है कि अनंत संभावनाओं के इस अवसर काल में



हमारी युवाशक्ति अपनी विलक्षण प्रतिभा के दम पर सफलता की नई गाथाएं लिख रही है।

मुझे विश्वास है कि आप अपनी कला को इसी प्रकार निखारते हुए देश और समाज के लिए अपना अमूल्य योगदान देंगे। आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना सहित। टिंकू देवांगन ने बताया कि उन्हें यह पेंटिंग बनाने में 15 घंटे लगे। प्रधानमंत्री से पत्र आने पर वह बहुत खुश हैं। एक खुशी यह भी है कि हमारे प्रधानमंत्री ऐसे हैं जो छोटे से छोटे और बड़े से बड़े कलाकार को अपने साथ लेकर चलते हैं।

## शपथ पत्र

मैं रमेश प्रसाद ढीमर आयु 45 साल पिता स्व. श्री राम गोपाल ढीमर निवासी ग्राम छिरहटी पोस्ट छिरहटी थाना खैरहा, जिला शहडोल म. प्र. का हूँ एवं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि :-

1. यह कि मैं एस.ई.सी. एल. बैकुंठपुर एरिया अन्तर्गत झिलमिली सब एरिया में माइनिंग सरदार के पद पर कार्यरत हूँ, एन.ई.आई. एस. नं. 22746878 है।
2. यह कि मेरे कालरी के सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी लीला व मेरे तीन बच्चे क्रमशः गौरव, नीतेश व पुत्री मान्या का नाम चढ़ा है, किन्तु उनका सरनेम नहीं लिखा है जिस कारण से मैं अपने पत्नी व बच्चों का सरनेम वर्मन अपने कालरी के सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज कराना चाहता हूं।
3. यह कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र गौरव कुमार वर्मन का जन्म तिथि 02.12.2003 दर्ज था जो कि गलत दर्ज है मेरे पुत्र का सही जन्म तिथि 02.12.2004 है इसी प्रकार मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे दूसरे पुत्र नीतेश कुमार वर्मन का जन्म तिथि 15.8.2005 दर्ज था जो कि गलत है सही जन्म तिथि 01.08.2005 है।
4. यह कि मेरी पत्नी का पूरा नाम लीला वर्मन, पुत्र गौरव कुमार वर्मन, नीतेश कुमार वर्मन व पुत्री मान्या वर्मन जो उनके आधार कार्ड व अंक सूची में दर्ज है जो की सही है इसी आधार पर मेरे कालरी के सर्विस रिकॉर्ड में भी मेरी पत्नी व मेरे बच्चों का नाम दर्ज कर दिया जाये ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी आदि न होवे।
5. यह कि मैं यह शपथ पत्र अपने स्वतंत्र इच्छा से कालरी के सर्विस रिकॉर्ड में अपने पत्नी लीला वर्मन व पुत्र गौरव कुमार वर्मन, पुत्र नीतेश कुमार वर्मन व पुत्री मान्या वर्मन का सरनेम दर्ज करने के समर्थन में इस शपथ पत्र का निष्पादन किया हूं।

दिनांक 27.4.2024

हस्ताक्षर शपथकर्ता
रमेश प्रसाद ढीमर

सत्यापन :- मैं उक्त शपथकर्ता बमुकाम बुढ़ार में सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र के खण्ड नं.1 से 5 तक मेरे लिखाए हैं जो सही व सच है।

हस्ताक्षर
रमेश प्रसाद ढीमर

### अनमोल वचन......

**जिसकी फितरत हमेशा बदलने की हो वह कभी किसी का नही हो सकता, चाहे वह समय हो या इंसान!**

## भ्रामक प्रचार से बाज आना चाहिए

*देश में हिंदुओं की आबादी में कमी आ रही है। धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारीः राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण (1950-2015) दस्तावेज में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने खुलासा किया है। इसमें हिन्दू आबादी के 7.82 फीसद कम होने के साथ मुसलमानों की 43.15 फीसद बढ़ने की बात की गई है। सिखों की आबादी 1.24 फीसद से बढकर 1.85 फीसद तथा इसाइयों की 2.24 फीसद से बढ कर 2.36 फीसद हो गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार बौद्ध भी बढ़े हैं, जबकि जैन व पारसियों की संख्या घटी है। यूं तो जनसंख्या के आंकड़े जनगणना के माध्यम से आते हैं। जो 2011 के बाद से नहीं हो सकी है। जनगणना 2021 में प्रस्तावित थी, जो करोना महामारी के कारण स्थगित कर दी गई थी। इस अध्ययन में बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक आबादी में आए उतार-चढाव के अंतरराष्ट्रीय रुझान का पता लगाने के लिए 167 देश शामिल थे, जिसके मुताबिक भारतीय उपमहाद्वीप में मुस्लिम आबादी की बढ़ोत्तरी सबसे ज्यादा हुई।*

*जबकि बांग्लादेश में 10 फीसद व पाकिस्तान में 10 फीसद मुसलमानों की आबादी में बढ़त देखी गई। देश में मौजूदा वक्त में लोक सभा चुनाव चल रहे हैं, जिसमें सत्ताधारी दल पहले ही धार्मिक आधार पर बयानबाजियां करने और समाज में दरारें पैदा करने में हिचक नहीं रहा है। ऐसे में इस रिपोर्ट का प्रचार खास समुदाय को निशाना बनाने में सहायक साबित हो सकता है। विपक्ष भी इसे चुनावी चाल कह आरएसएस का एजेंडा चलाने का आरोप लगा रहा है। वास्तव में हम धर्मनिरपेक्ष देश हैं, जिसमें सभी धर्मो का बराबर सम्मान किया जाना और उनके साथ सहिष्णुता बरतना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। मुसलमानों की आबादी बढ़ने के कारणों में यूं तो उनकी चार शादियां, धर्मांतरण व घुसपैठ को दोषी ठहराया जा रहा है, जबकि इसके पीछे अशिक्षा व जागरूकता की कमी अधिक है। विशेष समुदाय पर देश की जनसांख्यिकी बदलने के प्रयासों का आरोप मढ़ना कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस हकीकत को झुठलाया नहीं जा सकता कि दुनिया भर में मुसलमानों की आबादी सबसे तेजी से बढ़ रही है। बीते सौ वर्षो में वे 12.5 फीसद से बढकर 22.5 फीसद हो चुके हैं।*

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन बेहद खास होने वाला है। परिवार में किसी खास रिश्तेदार के आने से खुशी का माहौल बनेगा। दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रहेंगे। कोई बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। आज कुछ नए काम भी अचानक सामने आ सकते हैं। आपको सोचे हुए कामों से फायदा हो सकता है।

**वृष राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह उलझने से बचें। इससे आपका ही समय बचेगा। अपनी स्थिति और योग्यता के हिसाब से ही काम करेंगे तो समाज में सम्मान मिलेगा। संयम रखने से रुकी योजनाएं सफल होंगी।

**मिथुन राशि-** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। आज खर्चों के मामले में ज्यादा दरियादिली ना रखें और ना ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। आज बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर कर सकते हैं। उचित मार्गदर्शन की जरूरत रहेगी, जिसमें आपका सहयोग कारगर साबित होगा। इस राशि के जो लोग कोचिंग संचालक है

**कर्क राशि-** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज नकारात्मक विचारों से बचने की कोशिश करेंगे। आज आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। रोजगार के मामले में किसी से सलाह लेंगे। अपने स्वभाव को बैलेंस रखें आपके सभी काम बनेंगे। आज पुत्र पक्ष से सुख मिलेगा।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप अपने कार्यों पर ज्यादा ध्यान देंगे। जहां तक हो सके, सकारात्मक और कॉन्फिडेंट रहें। आपके जरूरी कामकाज आज पूरे होंगे। रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आस-पास के लोगों से कुछ नई बात सीखेंगे। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरूरत है। मित्रों से मिलने उनके घर जा सकते हैं।

**कन्या राशि-**आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी पेशा वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुड़ी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जाएगा। आज अपने विचारों को लेकर आप थोड़े जज्बाती भी हो सकते हैं। आज सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**तुला राशि-**आज का दिन ठीक रहने वाला है। आज घर में रिश्तेदारों के आगमन से उत्सव भरा माहौल रहेगा। आज हर काम को योजनाबद्ध तरीके से करना और एकाग्र चित्त रहना आपको सफलता प्रदान करेगा। निवेश संबंधी महत्वपूर्ण योजनाएं भी सफल होंगी। दोस्तों के साथ बात कर के अच्छा समय बीतेगा। इस राशि के जो लोग मेडिकल स्टोर के व्यपार से जुड़े हैं आज उन्हें अचानक बड़ा ऑर्डर मिलेगा।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन जोश से भरा रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में लोगों से पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आज इनकम के नए रास्ते खुलेंगे। बच्चे माता-पिता के साथ मंदिर जाएंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आपकी अधूरी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। जो लोग टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस से जुड़े है, उनके बिजनेस में आज तेजी आएगी।

**धनु राशि-** आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आपके खास काम मन मुताबिक तरीके से बनने वाले हैं, इसलिए मेहनत में कोई भी कमी न करें। आज रोचक और ज्ञानवर्धक किताबें पढ़ने में भी कुछ समय व्यतीत करेंगे। आज कोई जरूरी कार्य पूरा होने से मानसिक सुकून और शांति रहेगी। प्रॉपर्टी से संबंधित काम बनने की भी संभावना है। कोई जरूरी काम आज टाइम से पूरा हो जाएगा।

**मकर राशि-** आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज आप ऊर्जा से भरे रहेंगे जिससे आप वो सब कुछ हासिल कर सकते हैं जो आप चाहते हैं। संचार से जुड़ी किसी नई तकनीक से फायदा जरुर मिलेगा। आस पास और साथ के लोगों में आपकी अच्छी इमेज बनेगी। आज आपकी सेहत बिल्कुल ठीक रहने वाली है।

**कुंभ राशि-** आज आत्मविश्वास और उम्मीदों वाला दिन है। किसी भी स्थिति में घर के बुजुर्गों की सलाह अवश्य लें, आपको बढ़िया सलाह मिलेगी। आज भावनाओं में आकर किसी से भी कोई वादा ना करें। कोशिश करें फायदा जरूर मिलेगा।

**मीन राशि-** आज का दिन नई सौगात लेकर आया है। आज आपके मन में बहुत सी सकारात्मक भावनायें आयेंगी। लवमेट के लिए आज का दिन अनुकूल है। आज आप किसी के साथ बेवजह न उलझे और ईगो पर काबू रखें। आज अधिक सोचने विचारने से कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हाथ से भी निकल सकती है।

# विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही

//प्रह्लाद सबनानी//

**दिनांक 1 मई, 2024 को अप्रैल, 2024 माह में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के संग्रहण से संबंधित जानकारी जारी की गई है। माह अप्रैल 2024 के दौरान जीएसटी का संग्रहण पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रु पये के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। वित्त वर्ष 2022 में जीएसटी का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रु पये रहा था, जो वित्त वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ हो गया एवं वित्त वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रु पये के स्तर को पार कर गया।**

अब तो अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रु पये के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रु चि बढ़ी है, अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है। भारत में वर्ष 2014 के पूर्व ऐसा समय था जब केंद्रीय नेतृत्व में नीतिगत फैसले लेने में हिचकिचाहट रहती थी और अर्थव्यवस्था विश्व की हिचकोले खाने वाली 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी, परंतु केवल 10 वर्ष पश्चात केंद्र में मजबूत नेतृत्व एवं मजबूत लोकतंत्र के चलते वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। आज भारत आर्थिक क्षेत्र में वैश्विक मंच पर नित रिकार्ड बना रहा है। वैश्विक स्तर पर विदेशी प्रेषण के मामले में भारत प्रेषण प्राप्तकर्ता के रूप में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। भारत में सबसे बड़ा सिंक्रोनाईजड बिजली ग्रिड है। बैंकिंग क्षेत्र में वास्तविक समय लेन देन की सबसे बड़ी संख्या आज भारत में ही संपन्न हो रही है। भारत विश्व में दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक देश है एवं विश्व में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता बन गया है। भारत में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेट्वर्क है। मात्रा की दृष्टि से भारत में विश्व का तीसरा सबसे बड़ा फार्मास्यूटिकल्स उद्योग है।भारत में विश्व में तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेट्वर्क है। भारत ने स्टार्टअप विकसित करने के उद्देश्य से विश्व का तीसरा सबसे बड़ा पारिस्थितिकी तंत्र खड़ा कर लिया है। भारत का स्टॉक बाजार, पूंजीकरण के मामले में विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है। भारत में विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेल नेट्वर्क है। विश्व में पैटेंट के लिए आवेदन किए जाने वाले देशों में भारत छठे स्थान पर आ गया है। 10 वर्षो के दौरान शेयर बाजार में निवेशकों को अपार सफलता हासिल हुई है और सेंसेक्स ने 200 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर्ज की है। निफ्टी ने भी इसी अवधि में 206 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर्ज की। यह स्थानीय एवं विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास जता रहा है। भारत में शेयर बाजार में व्यवहार करने के उद्देश्य से खोले जाने वाले डीमेट खातों की संख्या 2014 में 2.2 करोड़ थी जो 2024 में बढ़कर 15.13 करोड़ हो गई है अर्थात 10 वर्षो में 7 गुणा से अधिक। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भी काफी सुधार हुआ है।भारतीय नागरिकों में आज स्व का भाव जगाने में भी कामयाबी मिली है, जिसके चलते स्वदेश निर्मित वस्तुओं का उपयोग बढ़ रहा है एवं अन्य देशों से विभिन्न उत्पादों के आयात कम हो रहे हैं। इसके चलते भारत के विदेशी व्यापार घाटे में सुधार दृष्टिगोचर है। भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में भी मामूली वृद्धि दर्ज हो रही है। भारत में नागरिक का औसत जीवन 2022 के 62.7 वर्ष से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गया है, जो स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के चलते ही संभव हो सका है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रतिवेदन के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय में पिछले 12 महीनों के दौरान 6.3 प्रतिशत की वृद्ध दर्ज हुई है। एक सर्वे के अनुसार, आज भारत में 36 प्रतिशत कंपनियां आगामी 3 माह में नई भर्तियां करने पर गंभीरता से विचार कर रही हैं, इससे में रोजगार के लाखों अवसर निर्मित होते दिखाई दे रहे हैं। गरीब वर्ग को भी केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाए जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं।

जल जीवन मिशन ने पूरे भारत में 75 प्रतिशत से अधिक घरों में नल के पानी का कनेक्शन प्रदान करके मील का पत्थर हासिल कर लिया है। लगभग 4 वर्षो के भीतर मिशन ने 2019 में ग्रामीण नल कनेक्शन कवरेज को 3.23 करोड़ घरों से बढ़ाकर 14.50 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंचा दिया गया है। पीएम आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान बनाए गए हैं। सौभाग्य योजना के अंतर्गत 2.8 करोड़ घरों का विद्युतीकरण कर लिया गया है। विश्व के सबसे बड़े सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-के अंतर्गत 55 करोड़ लाभार्थियों को माध्यमिक एवं तृतीयक देखभाल एवं अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये का बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है। पीएम गरीब कल्याण योजना के माध्यम से मुफ्त अनाज के मासिक वितरण से 80 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ प्राप्त हो रहा है। पीएम उज्जवल योजना के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। ये महिलाएं पहले लकड़ी जलाकर भोजन सामग्री तैयार कर पाती थीं और अपनी आंखों को खराब होते हुए देखती थीं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भी 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं की सुरक्षा एवं गरिमा को कायम रखा जा सका है।

जन धन खाता योजना के अंतर्गत 52 करोड़ से अधिक खाते खोलकर नागरिकों को औपचारिक बैंकिंग पण्राली में लाया गया है। इससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है। देश भर में 11,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो 50-90 प्रतिशत रियायती दरों पर आवश्यक दवाएं प्रदान कर रहे हैं। कहा जा सकता है कि भारत आर्थिक क्षेत्र में विश्व में चमकते सितारे के रूप में दिखाई दे रहा है एवं अपनी विकास दर को 10 प्रतिशत के ऊपर ले जाने के भरसक प्रयास कर रहा है। इससे निश्चित ही भारत शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा एवं इसके बाद 2027 तक विकसित राष्ट्र भी बन जाएगा।

# अरविंद केजरीवाल को मिली अंतरिम जमानत के सियासी मायने को ऐसे समझिए

//कमलेश पांडे//

**हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने शर्त रखी थी कि अगर चुनाव प्रचार के लिए जमानत दी जाती है तो वह मुख्यमंत्री के तौर पर काम नहीं करेंगे और न ही किसी फ़ाइल पर हस्ताक्षर करेंगे। फिर भी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भिजवाने वाली ईडी परेशान हो गई।**



सुप्रीम कोर्ट के एक साहसिक निर्णय से जेल में बंद भारतीय राजनेताओं के चुनावों के दौरान बाहर आने और चुनाव प्रचार में अपनी भागीदारी जताने का मार्ग प्रशस्त हो चुका है। समझा जाता है कि कोर्ट के इस उदार पहल से भारत में एक नई सियासी क्रांति का आगाज हो सकता है। लिहाजा, इस निर्णय के सफेद और स्याह पक्ष पर चर्चा करने से पहले यह बता दें कि दिल्ली एक्साइज पॉलिसी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की जांच का सामना कर रहे और पिछले 50 दिन से जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने आगामी एक जून 2024 तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। ऐसा इसलिए कि अरविंद केजरीवाल को दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में विगत 21 मार्च 2024 को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी के इस निर्णय की तब बहुत आलोचना हुई थी, क्योंकि मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए ही उन्हें गिरफ्तार किया गया था, जो भारतीय राजनीतिक इतिहास की अनोखी घटना बन चुकी है। इसी मामले में गत 8 मई 2024 को सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई की।सुनवाई के दौरान ही न्यायमूर्ति खन्ना ने प्रवर्तन निदेशालय के वकील अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा था कि वह केजरीवाल को अंतरिम राहत पर शुक्रवार को आदेश पारित कर सकते हैं। इससे एक दिन पहले भी यानी गत 7 मई को सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर कहा था कि मामले की सुनवाई जल्दी पूरी होने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में कोर्ट लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने पर विचार कर सकता है।

हालांकि, कोर्ट ने शर्त रखी थी कि अगर चुनाव प्रचार के लिए जमानत दी जाती है तो वह मुख्यमंत्री के तौर पर काम नहीं करेंगे और न ही किसी फ़ाइल पर हस्ताक्षर करेंगे। फिर भी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल भिजवाने वाली ईडी परेशान हो गई। आनन-फानन में ईडी ने एक हलफनामा दायर करके उनके अंतरिम जमानत का विरोध किया और कुछ अकाट्य दलीलें भी दी। जिस पर केजरीवाल की लीगल टीम ने भी कड़ी आपत्ति जताई। जिसके दृष्टिगत सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की सभी दलीलों को दरकिनार करते हुए केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी।

यही वजह है कि जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मिलने के सियासी और न्यायिक मायने तलाशे जा रहे हैं। क्योंकि यह एक असाधारण न्यायिक आदेश है, जो अब बौद्धिक विमर्श का मुद्दा भी बन चुका है। समझा जा रहा है कि कोर्ट के ताजा निर्देश से जहां देश में जनतांत्रिक भावनाओं को बल मिलेगा, वहीं भ्रष्टाचार और अपराध में शामिल राजनेताओं का मनोबल भी बढ़ेगा। क्योंकि जेल से बाहर रहने का एक अमोघ कानूनी हथियार कोर्ट के फैसले से उन्हें मिल चुका है। लिहाजा, आने वाले दिनों में जेल में बंद भारतीय राजनेताओं के द्वारा चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगे जाने के मामले बढ़ेंगे।बता दें कि ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि केजरीवाल को किसी भी तरह की विशेष राहत देकर चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दिया जाना समानता और कानून के शासन के लिए अभिशाप जैसा होगा। इससे ऐसी नजीर कायम होगी कि सभी अपराध करने वाले अनैतिक राजनेता चुनाव की आड़ में जांच को नजरअंदाज करेंगे, चाहे वो पंचायत चुनाव हो, नगरपालिका चुनाव हो, विधानसभा चुनाव हो या फिर आम चुनाव। यदि वे गिरफ्तार किए जाते हैं तो प्रचार के लिए अंतरिम जमानत मांगेंगे।दो कदम आगे की सोचते हुए उसने तर्क दिया कि आजतक किसी भी राजनेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई, चाहे जेल में बंद वह व्यक्ति स्वयं भी प्रत्याशी क्यों न रहा हो, जबकि केजरीवाल तो उम्मीदवार भी नहीं हैं। ऐसे भी कई उदाहरण हैं कि अपराधी जेल से ही चुनाव लड़े और जीत भी गए, लेकिन उन्हें कभी इस आधार पर जमानत नहीं मिली। वैसे भी चुनाव प्रचार न तो संवैधानिक अधिकार है और न ही मौलिक अधिकार। लिहाजा ऐसा होने से कानून का उल्लंघन करने वाले हर अपराधी को राजनीतिज्ञ बनने और वर्ष भर प्रचार के मोड में रहने का प्रोत्साहन मिलेगा। राजनेता आम आदमी से ऊपर होने और विशेष दर्जे का दावा नहीं कर सकता। ईडी ने अपनी दलील में चुनाव प्रचार के लिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का विरोध करते हुए कहा कि मतदान का अधिकार, जिसे कोर्ट ने संवैधानिक अधिकार माना है, वह भी हिरासत के दौरान नहीं रहता।

जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 62(5) जेल में बंद व्यक्ति के मतदान के अधिकार में कटौती की बात करती है। यह चीज देखने लायक है कि पिछले पांच सालों में करीब 123 चुनाव हुए हैं और अगर किसी राजनेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी जाने लगे तो किसी भी राजनेता को गिरफ्तार करके जेल में नहीं रखा जा सकता, क्योंकि चुनाव तो सालभर चलने वाली गतिविधि है। हर राजनीतिज्ञ हर स्तर पर यह दलील दे सकता है कि अगर उसे जमानत नहीं दी गई तो उसे न भरपाई होने वाला नुकसान होगा। ईडी ने स्पष्ट तौर पर कहा कि इस समय सिर्फ पीएमएलए कानून में ही बहुत से नेता जेल में हैं। उनके मामलों को जांचने के बाद सक्षम अथॉरिटी ने उनकी हिरासत को सही ठहराया है। बहुत से नेता पीएमएलए के अलावा अन्य अपराधों में जेल में होंगे। ऐसे में अरविंद केजरीवाल के साथ विशेष व्यवहार करने और उनकी विशेष मांग स्वीकार करने का कोई कारण नहीं है। उसने तो यहां तक कह दिया कि केजरीवाल ने कई समन के बाद भी जांच एजेंसी के सामने पेश न होने के पीछे पांच राज्यों में चुनाव का यही आधार दिया था। ऐसे में अगर कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी तो उनके द्वारा आप के स्टार प्रचारक होने के आधार पर प्रचार के लिए समन को नजरअंदाज करने का कारण बनाये जाने पर न्यायिक मुहर लग जाएगी।

साथ ही प्रचार के लिए अन्तरिम जमानत से प्रचार की इच्छा रखने वाले नेताओं का एक अलग वर्ग बन जायेगा। हालांकि कोर्ट ने ईडी की एक न सुनी और अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देकर यह स्पष्ट कर दिया कि भारतीय लोकतंत्र को किंतु-परन्तु के आधार पर नहीं, बल्कि स्पष्ट और पारदर्शी नीतियों के आधार पर ही चलाया जाएगा। संभव है कि अगली संसद इससे सबक लेगी और नेताओं के लिए आवश्यक कानून बनाएगी या फिर पूर्व की विसंगतियों को दूर करेगी। यह स्वाभाविक सवाल है कि जब चुनावी मौसम हो और दल विशेष का प्रमुख नेता ही जेल में हो तो उसकी पार्टी को सही जनादेश कैसे मिल पाएगा। शायद इसलिए कोर्ट ने अंतरिम जमानत की नई राह दिखा दी और सियासी नकेल अपने हाथों में रख ली।

## तस्वीरों की दुनिया



बलांगीर में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच एक सार्वजनिक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।



कडप्पा में चल रहे लोकसभा चुनावों के बीच एक सार्वजनिक बैठक के दौरान कडप्पा लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार वाई.एस. शर्मिला के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी।



डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आज़ाद, श्रीनगर में लोकसभा चुनाव के लिए एक रोड शो के दौरान पार्टी के मध्य कश्मीर के उम्मीदवार अमीर भट के साथ।



बीरभूम में चल रहे लोकसभा चुनावों के बीच चुनाव प्रचार के दौरान टीएमसी उम्मीदवार शताब्दी रॉय।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पटना में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।



केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर लोकसभा चुनाव के लिए हमीरपुर जिले में एक रोड शो के दौरान।



बेंगलुरु में तूफान और भारी बारिश के बाद एक पेड़ उखड़कर एक वाहन पर गिर गया।

# आखिर चौकीदार ने टेम्पो को क्यों नहीं रोका, मोदी के अंबानी-अदाणी वाले बयान पर खरगे ने कसा तंज

**पटना, 12 मई [एजेंसी]।**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा और आरएसएस को जहर बताया है तथा इससे लोगों को दूर रहने की अपील की है, ताकि संविधान बचा रहे।खरगे ने कहा कि जहर है या नहीं, इसे जानने के लिए भी अगर एक बार और चखा तो सब समाप्त हो जाएगा। भाजपा को अगर इस बार सत्ता दी, तो देश का संविधान समाप्त हो जाएगा। यह चुनाव संविधान बचाने का है। मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को बिहार के मुजफ्फरपुर व समस्तीपुर में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया।चुनावी सभाओं में खरगे ने अपना और नरेन्द्र मोदी का उदाहरण देते हुए कहा कि वह मजदूर का बेटा होते हुए 11 बार लोकसभा चुनाव जीते। आज राज्यसभा सदस्य हैं। चाय वाले का बेटा होकर मोदी प्रधानमंत्री बने। यह संविधान की ताकत है कि कोई भी प्रधानमंत्री या सांसद बन सकता है। जब संविधान या लोकतंत्र नहीं रहेगा तो सब खत्म हो जाएगा। इसलिए भाजपा को हराना है।कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को झूठों का सरदार बताया। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से पहले मोदी ने हर साल दो करोड़ नौकरी और 15-15 लाख रुपये सभी लोगों के खाते में देने की बात कही थी। क्या वह वादा पूरा हुआउन्होंने कहा, अब मोदी एक और काम कर रहे हैं। वह सुबह-शाम सोनिया, राहुल और प्रियंका को गालियां दे रहे हैं। कभी-कभी मुझे भी दे रहे हैं। यह इसलिए कि वह चुनाव हार रहे हैं। तीन चरणों के चुनाव में वह हार चुके हैं। चौथे चरण में भी हम उन्हें हरा रहे हैं। खरगे ने कहा कि हम सत्ता में आएंगे तो, जो पांच गारंटी दे रहे हैं उसे पूरा करेंगे। जाति आधारित गणना के बाद देखा जाएगा कि किसके पास नौकरी, जमीन, संपत्ति नहीं है। इस आधार पर कानून बनेगा।कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी इसके बारे में कहते फिर रहे हैं कि कांग्रेस आपके घर का एक्सरे करेगी। आपकी संपत्ति छीन लेगी। वह यहां तक कह रहे कि दो भैंस हुई तो एक मुस्लिम को दे देगी। देश की आजादी के बाद पहली बार ऐसी बातें कही जा रही। भाजपा और आरएसएस देश को बांट रहे। इसे बचाकर रखना है। खरगे ने कहा कि पहली बार मोदी ने अंबानी और अदाणी के काला धन की बात कही। वह बोल रहे कि अंबानी और अदाणी से कांग्रेस को ट्रक में भर-भरकर रुपये भेजे जा रहे हैं। खरगे ने तंज भरे अंदाज में प्रधानमंत्री से सवाल पूछा कि अगर ऐसा है तो आखिर चौकीदार ने टेम्पो को क्यों नहीं रोका मोदी जी आप प्रधानमंत्री हैं, ईडी और सीबीआइ को क्यों नहीं लगाते।



उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा की सरकार आने पर आपका आरक्षण खत्म हो जाएगा। देश में फिर एक मनु पैदा हो जाएगा। आप फिर गुलामी चाहते हो तो मोदी को वोट दीजिए।पटना में प्रेसवार्ता में खरगे ने कहा कि भाजपा को हराने वाला नंबर आइएनडीआइए के घटक दलों के पास है। नरेन्द्र मोदी इस बार सरकार नहीं बना पाएंगे। अबकी बार चुनाव में किसान, महिला और मजदूरों की परेशानी नरेन्द्र मोदी को परेशान कर रही है।खरगे ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी हिंदू-मुस्लिम करके जनता को बांट रहे हैं। वह मुद्दों पर नहीं बल्कि मटन, मछली, मंगलसूत्र की बात कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार आई तो जिन लोगों पर ईडी, इनकम टैक्स व अन्य एजेंसियों द्वारा सताने के लिए केस किया गया है या चुनाव को प्रभावित करने के लिए केस किया गया है, उन सभी को जांच कर वापस लिया जाएगा।

# वकील जय अनंत देहाद्राई केजरीवाल को जमानत दिए जाने से असहमत, कहा- इस फैसले से खतरनाक मिसाल कायम होगी



**नईदिल्ली, 12 मई [एजेंसी]।**

दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दिए जाने पर असहमति जताते हुए वकील जय अनंत देहाद्राई ने कहा कि यह एक खतरनाक मिसाल कायम होगा। देहाद्राई ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा आम आदमी पार्टी के प्रमुख को लोकसभा चुनावों में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत की अनुमति देने पर चिंता व्यक्त की।उन्होंने कहा कि खालिस्तान समर्थक संगठन वारिस पंजाब डे के प्रमुख अमृतपाल सिंह भी अब केजरीवाल की मिसाल का हवाला देते हुए कोर्ट का रुख कर सकता है और कह सकता है कि वह चुनाव लड़ रहा है। गौरतलब है कि अलगाववादी नेता वर्तमान में असम की उच्च सुरक्षा वाली डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। वह पंजाब के खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र से एक निर्दल उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि मैं अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के पीछे के तर्क से सम्मानपूर्वक असहमत हूं। कानून की नजर में इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप सीएम हैं, केंद्रीय मंत्री हैं या कोई अन्य व्यक्ति हैं। देहाद्राई ने कहा कि आप अदालत के समक्ष किसी भी अन्य व्यक्ति की तरह ही हैं और इस विशेष व्यक्ति (केजरीवाल) को नौ समन दिए गए थे और वह इन समन से बचता रहा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल अंतरिम जमानत के हकदार नहीं थे, क्योंकि उन्होंने शराब नीति मामले से संबंधित कुछ सुबूतों को कथित तौर पर नष्ट किया है।

## एलन मस्क ने भारत को लेकर उठाया बड़ा कदम देश में 1.8 लाख से अधिक अकाउंट पर लगाया बैन

**नई दिल्ली।** एक्स कॉर्प ने 26 मार्च से 25 अप्रैल के बीच भारत में 184,241 अकाउंट पर बैन लगा दिया। इनमें से अधिकांश अकाउंट बाल यौन शोषण और अश्लीलता को बढ़ावा देने से जुड़े थे। इसके अलावा माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने देश में आतंकवाद का प्रचार करने के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1,303 अकाउंट पर भी बैन लगा दिया। एक्स ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि उसे शिकायत निवारण तंत्र के माध्यम से भारत में उपयोगकर्ताओं से 18,562 शिकायतें प्राप्त हुईं। कंपनी ने 118 शिकायतों पर कार्रवाई की, जिसमें अकाउंट निलंबन के खिलाफ अपील किया गया था। स्थिति की समीक्षा के बाद इनमें से चार अकाउंट के निलंबन के फैसले को पलट दिया गया। इस अवधि के दौरान अकाउंट के बारे में सामान्य प्रश्नों से संबंधित 105 अनुरोध प्राप्त हुए थे।

# कोटा में नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, पकड़ा गया 24 लाख का माल, अगले आदेश तक फैक्ट्री सील

**कोटा, 12 मई [एजेंसी]।**

कोटा में नकली घी बनाने की फैक्ट्री को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय ने अगले आदेश तक सील कर दिया है। संबंधित विभाग की एक संयुक्त टीम ने शनिवार दोपहर शहर के राणपुर इलाके में नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री पर छापा मारा और 6,700 लीटर से अधिक मिलावटी घी जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि कृष्णा और बालगोपाल के ब्रांड से बाजार में चार सौ रुपए लीटर बेचा जा रहा था। जांच के दौरान घी का रंग और खुशबू अलग मिली। करीब 24 लाख रुपए का सामान जब्त कर सैंपल जांच के लिए भेजा गया है।खाद्य सुरक्षा विभाग के अतिरिक्त आयुक्त, पंकज ओझा ने संयुक्त टीम का नेतृत्व किया। छापेमारी के दौरान उन्होंने कहा कि टीम ने पाया कि कारखाने में नकली घी का निर्माण किया जा रहा था और ग्रामीण इलाकों में बाल कृष्ण, बालगोपाल, सोरस सुध देसी घी जैसे 4-5 प्रकार के ब्रांडों के तहत बेचा जा रहा था।ओझा ने कहा कि मिलावटी घी और मक्खन को एसेंस और कृत्रिम स्वाद के साथ तैयार किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा के अलावा, विनिर्माण इकाई के मालिक के पास चिकित्सा और कीट नियंत्रण लाइसेंस भी नहीं पाए गए और सरकार द्वारा निर्धारित किसी भी दिशानिर्देश का पालन नहीं किया जा रहा था।अधिकारियों ने कहा कि फैक्ट्री में लोकप्रिय ब्रांडों के डुप्लिकेट बनाए जाते थे। उदाहरण के लिए- सारस को सोरस के रूप में बनाया जा रहा था, और कृष्ण को बाल कृष्ण के रूप में तैयार किया जा रहा था। अधिकारी ने कहा, इकाई में पाए गए इन वस्तुओं और कच्चे माल के नमूने परीक्षण के लिए एकत्र किए गए थे।



वहीं, कोटा के खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल ने बताया कि गहन जांच के बाद 562 कार्टूनों में पैक 6,744 लीटर मिलावटी घी (जिनमें से प्रत्येक में 12 लीटर थे) फैक्ट्री से जब्त किया गया है। साथ ही फैक्ट्री को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री का मालिक दिलीप सिंह है, जिसे मौके पर बुलाया गया और पूछताछ की गई। अग्रवाल ने कहा कि मालिक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अनुसार आगे की प्रक्रिया चल रही है और तदनुसार कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## क्या भाजपा इस बात से सहमत है, अमित शाह के इस बयान से संजय सिंह ने पीएम मोदी से क्यों पूछा सवाल



**नईदिल्ली, 12 मई [एजेंसी]।**

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार शाम एक प्रेस वार्वा कर कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल का यह सवाल सुनकर पूरी भाजपा बौखला गई है कि अगले साल नरेन्द्र मोदी की जगह प्रधानमंत्री कौन होगा। बकौल संजय, गृह मंत्री अमित शाह ने बोला है कि जो नियम मोदी जी ने बनाया है, वो उन पर लागू नहीं होगा।इसका मतलब साफ है कि मोदी जी के सिद्धांतों, वसूलों, विचारों और बातों की कोई कीमत नहीं है। वह जो नियम बनाते हैं, उसे अपने उपर लागू नहीं करेंगे। मैं समझता हूं कि अमित शाह का बयान पर्याप्त नहीं है। इसलिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आगे आकर स्प्ष्ट करना चाहिए।संजय सिंह ने कहा कि मोदी जी को इसलिए भी यह स्पष्ट करना चाहिए कि केजरीवाल का बयान आने के बाद अमित शाह और जेपी नड्डा बोल रहे हैं कि मोदी जी पर वो नियम लागू नहीं होंगे। इसलिए मोदी जी को बताना चाहिए कि क्या भाजपा इस बात पर सहमत है। क्योंकि पूरी भाजपा का कार्यकर्ताओं ने 75 साल में नेताओं के रिटायर होने के मोदी जी के फैसले का स्वागत किया था।

# यूपी में भाजपा को झटका, सपा में शामिल हुए पूर्व सांसद, इस सीट पर दिलचस्प हुआ मुकाबला

**सोनभद्र, 12 मई [एजेंसी]।**

भाजपा के पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार ने लंबे जद्दोजहद के बाद आखिरकार समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। छोटेलाल के सपा में जाने से लोकसभा राबर्ट्सगंज का चुनाव दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। एनडीए गडबंधन के तहत राबर्ट्सगंज सीट अपना दल एस के खाते में चली गयी है। अद ने यहां पर वर्तमान सांसद पकौड़ी लाल कोल की पुत्र वधू व छानबे विधायक रिंकी कोल को प्रत्याशी बनाया है। सूत्रों की माने तो रिंकी कोल लोकसभा चुनाव लड़ने के मूड में नहीं है, दूसरी तरफ चर्चा है कि पकौड़ी लाल कोल भी पार्टी के इस निर्णय से खुश नहीं है। वह अपने बेटे जगप्रकाश कोल को टिकट दिलाना चाहते हैं। इन सब जद्दोजहद के बीच सपा में छोटेलाल के जाने से जनपद के अनुसूचित जनजाति वोटरों में बिखराव होना तय माना जा रहा है। पकौड़ी लाल कोल को लेकर पहले से ही सवर्ण मतदाता नाराज है।



इसके पीछे मूल कारण पूर्व में सार्वजनिक मंच से सवर्ण समाज को लेकर किए गए अभद्र टिप्पणी है। अब सबकी निगाह समाजवादी पार्टी के नेतृत्व पर लगी हुई है। अगर समाजवादी पार्टी पूर्व सांसद पर दांव खेलती है तो निश्चित रूप से इसका प्रभाव दुद्धी विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में भी देखने को मिलेगा। कारण दुद्धी विधानसभा में खरवार वोटर निर्णायक भूमिका में है।पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार ने सपा का दामन थामने की पुष्टि करते हुए कहा कि लंबे समय से उपेक्षा के कारण उन्होंने यह कदम उठाया है। कहा कि अगर पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया तो उन्हें सार्थक परिणाम देने के लिए पूरा दमखम लगाने का काम करूंगा।

## यूपी में चौथे चरण के चुनाव से ठीक पहले सपा को एक और झटका, पूर्व विधायक ने छोड़ा साथ, राजनीतिक गलियारे में हलचल

बदलापुर (जौनपुर)। बदलापुर के पूर्व विधायक ओम प्रकाश उर्फ बाबा दुबे ने समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया है। लिखा गया त्याग पत्र इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होते ही राजनीतिक गलियारे में हलचल मच गई है।बाबा दुबे वर्ष 2012 में परिसीमन के बाद बनी बदलापुर विधानसभा के सपा से पहले विधायक बने थे। बाबा दुबे बाबू सिंह कुशवाहा को लोकसभा जौनपुर से टिकट मिलने से नाराज थे। इसके चलते त्याग पत्र दिया है।उन्होंने शाम को पत्रकारों से बातचीत में त्याग पत्र देने के बाबत कहा कि मेरे निजी और राजनीतिक सिद्धांतों के विपरीत होने के कारण मैंने बाबू सिंह कुशवाहा जैसे पृष्ठभूमि व आचरण वाले व्यक्ति का प्रचार व समर्थन न कभी पहले किया था और वर्तमान में करूंगा। इसीलिए त्याग पत्र दे दिया। किसी दल में जाने के बाबत कहा कि अपने लोगों के साथ वार्ता करने के बाद ही कोई निर्णय लूंगा।

# फिलीपींस ने चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए तैनात किए जहाज



**मनीला, 12 मई [एजेंसी]।**

फिलीपींस ने शनिवार को कहा कि उसने दक्षिण चीन सागर में एक विवादित क्षेत्र में जहाज तैनात किए हैं। उसने आरोप लगाया है कि चीन एक कृत्रिम द्वीप का निर्माण कर रहा है। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि चीन की कथित अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जहाज भेजा गया था।

कार्यालय की ओर से कहा गया है कि दो अन्य जहाज क्षेत्र में बारी-बारी से तैनाती में थे। फिलीपींस कोस्ट गार्ड के प्रवक्ता कमोडोर जे तारिएला ने कहा कि सबीना शोल का छोटे पैमाने पर पुनर्ग्रहण किया गया है, जिसे मनीला एस्कोडा कहता है।मनीला में चीनी दूतावास ने फिलीपींस के दावों पर टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया, जिससे द्विपक्षीय दरार और गहरी हो सकती है।

फिलीपींस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने शुक्रवार को समुद्री विवाद के बारे में फिलीपींस के एक एडमिरल के साथ फोन पर हुई बातचीत के कथित लीक होने पर चीनी राजनयिकों को निष्कासित करने का आह्वान किया था।

## इन 13 सीटों पर महागठबंधन के प्रत्याशियों का समर्थन करेगी CPI-M, BJP को हराने के लिए प्लान तैयार

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (माकपा) राजमहल सीट को छोड़कर झारखंड की 13 लोकसभा सीटों पर भाजपा के विरुद्ध खड़े महागठबंधन के प्रत्याशी का समर्थन करेगी।पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने शनिवार को जारी बयान में कहा है कि राज्य में आईएनडीआई गठबंधन के बीच सीटों की शेयरिंग आंशिक तौर पर ही हुई है। माकपा राष्ट्रीय स्तर पर आईएनडीआई गठबंधन का प्रमुख हिस्सा है। राज्य में सत्तारूढ़ राजनीतिक पार्टियों ने सीट शेयरिंग के संबंध में उससे कोई बातचीत भी नहीं की है, इसलिए पार्टी ने अपने जनाधार वाले एक सीट राजमहल में अपना उम्मीदवार देने की घोषणा की है। वहां गोपीन सोरेन माकपा के प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। अन्य 13 संसदीय सीटों पर माकपा भाजपा को पराजित करने में सक्षम गठबंधन के प्रत्याशियों का सक्रिय रूप से समर्थन करेगी।कोडरमा में विनोद सिंह, गिरिडीह में मथुरा महतो, पलामू में ममता भुइया, जमशेदपुर में समीर महंती, रांची में यशस्विनी सहाय, सिंहभूम जोबा मांझी, गोड्डा में प्रदीप यादव, खूंटी में कालीचरण मुंडा, धनबाद में अनुपमा सिंह, चतरा में केएन त्रिपाठी, हजारीबाग में जेपी पटेल व लोहरदगा में सुखदेव भगत।

# बरात में दूल्हे के फूफा हो गए नाराज, गाड़ी में बैठे और 5 लोगों को रौंद दिया- मौके पर मच गई भगदड़

**उझानी, 12 मई [एजेंसी]।**

बीती रात उझानी नगर के ग्रीन पैलेस में बरेली से एक बरात आई थी। बरात चढ़त के दौरान दूल्हे के फूफा की कुछ बरातियों से नशे में झड़प हो गई। इससे फूफा गुस्सा गए और जाने लगे। कार में सवार हो गए। उन्हें रोकने कुछ बराती आगे भी बढ़े, लेकिन फूफा नहीं माने। कार स्टार्ट कर तेजी से दौड़ा दी जिससे सामने खड़े पांच लोगों को रौंद दिया। पांचों लोगों की हालत गंभीर है। उनका उपचार सीएचसी उझानी में कराया जा रहा है। उझानी थाना क्षेत्र के गांव अढौली निवासी एक बेटी की शादी बरेली बिसारतगंज में तय हुई थी। शुक्रवार रात बाईपास पर स्थित समारोह स्थल एसएस ग्रीन पैलेस में बरात आई थी। बरात चढ़ रही थी। इसी दौरान बरेली के दूल्हे के फूफा बरेली के बिसारतगंज निवासी हरेंद्र साहू का शराब के नशे में कुछ बरातियों से विवाद हो गया। इस पर हरेंद्र ने बखेड़ा शुरू कर दिया और नाराज होकर कार में बैठ कर जाने लगे। कार को स्टार्ट करने के दौरान कुछ लोग उनकी मान मनौती करने लगे। लेकिन हरेंद्र ने अपनी कार स्टार्ट कर तेज गति से आगे बढ़ा दी। जिससे कार के सामने खड़े पांच लोगों को रौंदते हुए वह चले गए।


इससे नगर के रामलीला नगला निवासी आकाश, थाना क्षेत्र के गांव अढौली निवासी नितिन साहू, कासगंज के सोरों थाना क्षेत्र के मानपुरनगरिया निवासी नवीन चंद्र, अनमोल, सत्य नारायण गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। इस संबंध में उझानी इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह ने बताया देर शाम तक किसी ने कोई शिकायती पत्र नहीं दिया है। जांच कर प्राथमिकी लिखी जाएगी।

## लैपटॉप में वायरस भेजकर विदेशी लोगों से करते थे लाखों की ठगी, कहानी सुनकर पुलिस भी रह गई दंग

**देहरादून, 12 मई [एजेंसी]।**

विदेशी नागरिकों के कंप्यूटर व लैपटाप को हैक कर उसमें वायरस डालकर ठीक करने के बहाने एक्सेस लेकर ठगी करने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का दून पुलिस ने पर्दाफाश किया है। आरोपित काल सेंटर की आड़ में ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।पुलिस ने घटनास्थल से युवती सहित दो को गिरफ्तार किया है, जबकि काल सेंटर में कार्यरत 15 युवक-युवतियों को नोटिस भेजकर पूछताछ के बुलाया है। अधिकतर आरोपित असम, मेघालय व मणिपुर के रहने वाले हैं, जबकि गिरोह के तार विदेश तक जुड़े हुए हैं। विदेश में बैठे ठग ही वहां के नागरिकों का डाटा उपलब्ध कराते थे। आरोपित खुद को माइक्रोसाफ्ट कंपनी का प्रतिनिधि बताकर विदेशी लोगों से ठगी कर रहे थे। आरोपितों से 14 लैपटाप, हेडफोन, सात मोबाइल फोन, ब्राडबैंड कनेक्शन के उपकरण बरामद किए गए हैं।

## कांग्रेस को पाकिस्तान से मिल रहा समर्थन, एयर स्ट्राइक पर CM रेवंत रेड्डी के उठाए सवाल पर BJP का तीखा हमला



**नई दिल्ली।** भाजपा ने शनिवार को कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को क्लीन चिट देकर कांग्रेस सेना की बहादुरी पर सवाल उठा रही है। पुलवामा आतंकी हमले के बाद की गई एयर स्ट्राइक पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा सवाल उठाए जाने के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, जिस तरह से कांग्रेस पाकिस्तान और आतंकवाद के पक्ष में खड़ी हो रही है और उन्हें क्लीन चिट दे रही है स्पष्ट हो गया है कि ये महज संयोग नहीं, बल्कि जानबूझकर किया गया प्रयोग है। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी पुलवामा हमले को लेकर न केवल पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रहे हैं, बल्कि उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक पर भी सवाल उठाया। मोदी का विरोध करने की कोशिश में कांग्रेस सेना की वीरता पर सवाल उठा रही है और पाकिस्तान को क्लीन चिट देकर भारत को सवालों के घेरे में खड़ा कर रही है। वे पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के आरोपों से खुद को बचाने का रास्ता दे रहे हैं।

# झारखंड में भाजपा के खिलाफ माहौल बनाएंगे दिल्ली के केजरीवाल जेल से निकलते ही हेमंत सोरेन के लिए कह डाली ये बात


**रांची, 12 मई [एजेंसी]।**

आम आदमी पार्टी (आप) के अध्यक्ष और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल झारखंड में भाजपा के खिलाफ माहौल बनाने आएंगे। शनिवार को अंतरिम जमानत पर रिहा होने के बाद अपने संबोधन में ये बात कही। सीएम केजरीवाल ने इसके संकेत देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का उल्लेख किया। उन्होंने सीएम पद से त्यागपत्र नहीं देने की वजहें बताते हुए यह भी कह डाला कि हेमंत सोरेन को भी इस्तीफा नहीं देना चाहिए था। हेमंत सोरेन के प्रति उनकी नरमी आरंभ से हैं। हेमंत सोरेन भी दिल्ली सरकार के कामकाज के साथ-साथ अरविन्द केजरीवाल के तौर-तरीकों को फॉलो करते रहे हैं। दोनों हर मोर्चे पर एक-दूसरे के साथ खड़े दिखते हैं। अपने भाषण में हेमंत सोरेन का उल्लेख करने के साथ-साथ अरविन्द केजरीवाल ने इसे भाजपा की रणनीति से जोड़कर आलोचना की। यह भी दावा किया कि सरकार में आने पर सारे प्रमुख विपक्षी नेताओं को जेल में डालने की योजना है। केजरीवाल के तेवर आक्रामक हैं और वे अपनी वाकपटुता से गठबंधन के पक्ष में माहौल बनाएंगे। गठबंधन के रणनीतिकारों ने भी उनसे संपर्क करना आरंभ कर दिया है। अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरुद्ध जब आम आदमी पार्टी की दिल्ली में रैली हुई तो हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने उसमें भागीदारी की। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन भी मौजूद रहे।जब रांची में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व उलगुलान न्याय महारैली हुई तो सुनीता केजरीवाल और संजय सिंह ने इसमें भाग लिया और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरुद्ध आवाज उठाई।



कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी शनिवार को अपनी सभाओं में हेमंत सोरेन का उल्लेख किया। महाराष्ट्र के नंदुरबार में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन देश के इकलौते आदिवासी मुख्यमंत्री थे। चुनाव के बीच में उन्हें जेल में डाल दिया गया है। यानी आप और आपके समाज पर बीजेपी लगातार हमला कर रही है।

## जाह्नवी कपूर ने थाई-हाई स्लिट गोल्डन स्कर्ट पहन फ्लॉन्ट किया कर्व्स, हॉट तस्वीरें सोशल मीडिया पर हुईं वायरल



बी-टाउन की खूबसूरत हसीना जाह्नवी कपूर अपने फैशन स्टेटमेंट्स और बोल्ड लुक्स के कारण चर्चाओं में बनी रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही बवाल मचा देता है। हाल ही में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस आहें भरते हुए नजर आ रहे हैं

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉटनेस भरा अंदाज देखकर लोग दीवाने हो गए हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने बेहद ही रिवीलिंग आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक कातिलाना पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

जाह्नवी कपूर जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

इन तस्वीरों एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा- ये क्या बवाल है वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है सो ब्यूटिफुल। फिर अन्य यूजर ने लिखा है- इतनी खूबसूरत, तीसरे यूजर ने लिखा यू लुक लाइक क्वीन।

बता दें एक्ट्रेस ट्रेडिशनल हो या फिर वेस्टर्न अपने हर लुक में कहर ढाती हैं। उनका हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। साथ ही लोग उन्हें फॉलो भी करते हैं। जाह्नवी कपूर अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस का ध्यान खींचना अच्छे से जानती हैं। और उनका हर एक अंदाज इंटरनेट पर बवाल मचा देता है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। और आए दिन अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं।

# गर्मियों में पी रहे हैं इस तरह के ड्रिंक्स, तो हो जाएं थोड़ा सावधान

गर्मी के दौरान हम खाने से ज्यादा कुछ ठंडा और हेल्दी पीने की इच्छा रखते हैं, लेकिन बहुत से लोग इस बात से अंजान हैं कि कुछ ड्रिंक्स ऐसे हैं, जो हाइड्रेट रखने के बजाय शरीर को डिहाइड्रेट करते हैं. जानें.

पैकेज्ड नारियल पानी एक तरफ जहां ताज़ा नारियल पानी फ़ायदों से भरपूर है, वहीं, दूसरी तरफ पैकेज्ड नारियल पानी उतना ही हानिकारक है, जिसे खाने से बचना चाहिए. क्योंकि इनमें चीनी और सोडियम की मात्रा होती है जो शरीर में पानी के स्तर को कम कर सकता है.

स्मूथीज़ कहा जाता है कि मिठास, फ्लेवर्ड दही या जूस के रूप में एक्स्ट्रा चीनी से भरपूर हाई-प्रोटीन स्मूदी में डिहाइड्रेट करने वाले प्रभाव होते हैं. गहरे रंग का यूरीन और अस्पष्ट थकान डिहाइड्रेशन के संकेत हैं जिन पर ध्यान देना चाहिए.

एनर्जी ड्रिंक पैकेज्ड एनर्जी ड्रिंक्स में काफी ज्यादा मात्रा में कैफीन, चीनी और अन्य एनर्जेटिक पदार्थ होते हैं, जो शरीर को निर्जलित बनाते हैं.

कार्बोनेटेड ड्रिंक्स कोल्ड ड्रिंक और स्पार्कलिंग वॉटर जैसे कार्बोनेट ड्रिंक्स का सेवन कम मात्रा में करना चाहिए. इन ड्रिंक्स के अत्यधिक सेवन से सूजन हो सकती है और शरीर भी डिहाइड्रेट हो सकता है.



चीनी युक्त ड्रिंक्स गर्मियों के महीनों के दौरान आमतौर पर पैक किए गए फ्रूट जूस और सोडा का अधिक मात्रा में सेवन किया जाता है, जिससे शरीर के टिशूज से पानी निकल जाता है और यह डिहाइड्रेशन को बढ़ावा देता है.

कैफीन चाय और कॉफी जैसे ड्रिंक्स भी डिहाइड्रेशन का कारण बन सकते हैं. जबकि कैफीन हल्के डाइयूरेटिक के रूप में काम करता है, लेकिन फिर भी यूरीन प्रोडक्शन को बढ़ावा देता है, जिससे डिहाइड्रेशन होता है.

शराब कहा जाता है कि शराब में डाइयूरेटिक इफेक्ट होता है, जिसका मतलब है कि वे ये यूरीन प्रोडक्शन को बढ़ाते हैं, जो डिहाइड्रेशन का कारण बन सकते हैं.

## फिल्म बॉर्डर की कास्ट के Pooja Bhatt और Sunil Shetty फिर साथ आएंगे नजर, ओटीटी पर आने वाली एक्शन थ्रिलर के बारे में जानें सब कुछ



बॉर्डर सितारे पूजा भट्ट और सुनील शेट्टी ओटीटी पर एक एक्शन थ्रिलर के लिए फिर से साथ आएंगे। यहां वह सब कुछ है जो आपको जानना आवश्यक है।

यह वास्तव में 90 के दशक के उन सभी प्रशंसकों के लिए एक अच्छी खबर है जो सुनील शेट्टी और पूजा भट्ट को बड़े पर्दे पर देखना पसंद करते थे, बॉर्डर अभिनेता 27 साल बाद एक बार फिर स्क्रीन साझा करने जा रहे हैं और इस बार वे एक एक्शन थ्रिलर के लिए फिर से साथ आएंगे। बॉर्डर में पूजा भट्ट और सुनील शेट्टी की जोड़ी एक-दूसरे के साथ नहीं थी, लेकिन वे कल्ट फिल्म में एक साथ थे। कोइमोई की रिपोर्ट के अनुसार नवीनतम चर्चा यह है कि पूजा भट्ट एक मजबूत आयरन लेडी जैसा किरदार निभाएंगी, जबकि सुनील शेट्टी के चरित्र का खुलासा होना बाकी है और क्राइम थ्रिलर लायंसगेट पर रिलीज होगी।

पूजा भट्ट ने खुद अपने इंस्टाग्राम पर हीरा फेरी अभिनेता के साथ स्क्रीन साझा करने का संकेत दिया। सुनील और पूजा 90 के दशक के सबसे लोकप्रिय नाम रहे हैं और लगभग 27 वर्षों के बाद उन्हें फिर से एक साथ देखना प्रशंसकों के लिए बेहद रोमांचक होने वाला है।

पूजा भट्ट ने बॉम्बे बेगम्स से लेकर बिग गर्ल्स डोंट क्राई तक ओटीटी पर कुछ सशक्त भूमिकाएं करके अपने करियर को पुनर्जीवित किया है। भट्ट गर्ल ने बिग बॉस ओटीटी 2 में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी और शो में अपनी प्रामाणिकता से कुछ वफादार प्रशंसक हासिल किए थे। हालांकि पूजा भट्ट कई शो का खिताब तो नहीं जीत पाईं लेकिन उन्होंने दिल जरूर जीत लिया। सुनील शेट्टी, जो अपनी भूमिकाओं को लेकर बेहद चूज़ी रहे हैं, वर्तमान में डांस रियलिटी शो डांस दीवाने में माधुरी दीक्षित के साथ सह जज हैं। अभिनेता को आखिरी बार वेब सीरीज हंटर- टूटेगा नहीं तोड़ेगा में देखा गया था, जहां वह एक एसीपी की भूमिका निभा रहे हैं। इस शो में ईशा देओल भी अहम भूमिका में थीं। अब प्रशंसक सुनील शेट्टी और पूजा भट्ट को एक फ्रेम में देखने के लिए उत्साहित हैं और चाहते हैं कि लायंसगेट जल्द ही आधिकारिक घोषणा करे ।

# शहद खाने से पहले इस तरह कर लें उसकी शुद्धता की पहचान

शहद सेहत के लिए अमृत जैसा है, लेकिन अगर यही शहद असली के बजाय नकली मिल जाए, तो जगह का काम भी कर सकता है. आइये जानते शहद की शुद्धता को जांचने के लिए आसान तरीके.

शहद को चीनी का एक बेहतरीन विकल्प माना जाता है. फिर भी इसे खाने में डर लगता है क्योंकि कमी शहद में नहीं है, बल्कि समस्या इसके गुणवत्ता की है. बिना मिलावट वाला शहद ढूंढना काफी चुनौतीपूर्ण काम है. इसलिए हम आपको कुछ तरीके बताने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप अपने शहद के शुद्धता की जांच कर सकते हैं.

थम्ब टेस्ट -अपने अंगूठे पर थोड़ा शहद लें और ध्यान से देखें कि क्या यह किसी दूसरे लिक्विड पदार्थ की तरह उंगली के चारों ओर फैल रहा है. अगर ऐसा होता है, तो समझ जाइये कि यह शुद्ध नहीं है.

वॉटर टेस्ट -एक चम्मच शहद लें और एक गिलास पानी में डालें. नकली शहद घुल जाएगा, जबकि शुद्ध शहद गिलास के निचले भाग में जम जाएगा.

फ्लेम टेस्ट- शुद्ध शहद ज्वलनशील होता है. लेकिन हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप इस टेस्ट को बहुत ही सावधानी के साथ और अपने जोखिम पर करें.

सिरके का प्रयोग करें- एक बड़ा चम्मच शहद, थोड़ा पानी और सिरके की 2-3 बूंदें मिलाएं. अगर इस मिश्रण में झाग बनता है, तो इसके मिलावटी होने की संभावना है.

हीट टेस्ट- अगर आप शुद्ध शहद को गर्म करते हैं, तो यह कैरामेलाइज़ हो जाएगा और झागदार नहीं बनेगा. वहीं अगर यह अशुद्ध होगा, इसे गर्म करने पर यह बुलबुलेदार हो सकता है.



## खतरनाक डैंगू मच्छर से बचने के लिए गर्मियों में कूलर का पानी हर 2 दिन में साफ करें, अपनाएं ये तरीका

पूरे देश में भीषण गर्मी में पड़ रही है, इस दौरान सभी के घरों में एसी, पंखे, कूलर का इस्तेमाल हो रहा है। गर्मी इतनी हो रही है कि लोग अपने घरों में एसी भी लगाना शुरु कर दिया है। लेकिन, आज भी कई घरों में कूलर का प्रयोग हो रहा है। अब हर कोई एसी नहीं खरीद सकता है क्योंकि यह काफी महंगे होते और बहुत ही ज्यादा बिजली खाते हैं। इसी वजह से लोग कूलर लेना ही ज्यादा पसंद करते हैं।



अक्सर कूलर का पानी 2 में ही पीला नजर आने लगता है । दरअलस, इसके पीछे वजह है कूलर की घास भी सकती है। कूलर की घास अगर गंदी है, तो पानी गंदा होगा। क्योंकि इसे कूलर की हवा ठंडी रखने के लिए घास को लगाया जाता है। जब कूलर चलता है, तो पानी घास से होते हुए फिर से पानी में मिल जाता है। इससे घास पर जमी गंदगी पानी में मिल जाती है। वहीं आप कूलर के पानी को साफ रखना चाहते हैं तो घास को अच्छे से धो लें। इससे पानी गंदा नहीं होता।

**दूसरा तरीका**-कूलर का पानी गंदा होने की वजह यह है कि लोग सही से कूलर की सफाई नहीं करते हैं। अगर कूलर के पंखे या पत्तियों पर गंदगी जमी हुई है, तो यह हवा के साथ उड़कर पानी में समा जाएगी। कूलर की सफाई ढंग से करें, तो आपके कूलर का पानी जल्दी गंदा नहीं होगा।

**कूलर का पानी निकालने का तरीका**

इसके लिए आप सबसे पहले कूलर का स्विच ऑफ करें। अब कूलर का एक तरफ से ढक्कन उतारें। इसके बाद कूलर के बीच में जो पंप के साथ पाइप लगी हुई है, उसे ऊपर की तरफ से निकाल दें। इस बात का ध्यान रखें कि पाइप नीचे की तरफ पंप से लगी रहनी चाहिए। फिर आप एक बाल्टी कूलर के नीचे रखें और पाइप को बाल्टी में डाल दें। अब कूलर को ऑन करें, आप देखेंगे पानी बाल्टी में आने लगेगा। यह पंप की वजह से हो रहा है, जब आप कूलर चलाते हैं, तो पाइप ऊपर की तरफ लगी रहती है।

इस पाइप की मदद से ही पानी कूलर के चारों तरफ लगे घास पर जाता है। क्योंकि, आप ने पाइप को ऊपर से निकालकर बाल्टी में डल दिया है, तो इससे पानी ऊपर जाने की बजाय बाल्टी में गिर रहा है।

**ध्यान योग्य बात**- जब पानी पंप तक पहुंच जाएं, तो कूलर का स्वीच बंद कर दें और पानी मग या ग्लास की मदद से निकाल लें। अगर पानी पंप से पानी नीचे चला जाएगा, तो मोटर जल सकती है। इसलिए जब तक मोटर तक पानी रहे, तब तक आप इस तरह पानी साफ कर सकते हैं।

## सरफरोश की 25वीं सालगिरह की स्क्रीनिंग के दौरान आमिर खान ने Sarfarosh 2 बनाने का वादा किया



बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान, जो एक परफेक्शनिस्ट हैं, ने हाल ही में अपनी फिल्म सरफरोश की 25वीं सालगिरह मनाई। 25वीं सालगिरह का जश्न मनाने के लिए आमिर और उनकी फिल्म सरफरोश की टीम एक छत के नीचे इकट्ठा हुई और जमकर जश्न मनाया गया। बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान, जो एक परफेक्शनिस्ट हैं, ने हाल ही में अपनी फिल्म सरफरोश की 25वीं सालगिरह मनाई। 25वीं सालगिरह का जश्न मनाने के लिए आमिर और उनकी फिल्म सरफरोश की टीम एक छत के नीचे इकट्ठा हुई और जमकर जश्न मनाया गया। टीम ने अपनी फिल्म की एक स्क्रीनिंग रखी थी, जो सितारों से सजी थी, जिसे रेडियो स्टेशन रेडियो नशा द्वारा आयोजित किया गया था। मुंबई के पीवीआर जुहू में आयोजित सरफरोश की विशेष स्क्रीनिंग के दौरान आमिर ने सरफरोश 2 की घोषणा भी की। अभिनेता को मीडिया से बातचीत करते हुए देखा गया जहां उन्होंने सरफरोश 2 के निर्माण का खुलासा किया। सरफ़रोश 2 के बारे में बोलते हुए, आमिर ने कहा कि वह एक बात के लिए प्रतिबद्ध हो सकते हैं, कि हम सही स्क्रिप्ट के साथ आने के लिए अब इसे वास्तव में गंभीरता से लेंगे।

## शब्द सामर्थ्य -054

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसचात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | ■ | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 053 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## हीरामंडी में इंटीमेट सीन की वजह से इस परेशानी का शिकार हुई श्रुति शर्मा, एक्ट्रेस ने सुनाई आपबीती

एक्ट्रेस श्रुति शर्मा ने हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार में 'साइमा' के किरदार से लाखों दिल जीत लिए हैं। उनकी सादगी, शान और गायन कौशल ने उनके फैंस के मन में एक खूबसूरत जगह बना ली। हालाँकि, उनके काम की बात करें तो श्रुति ने 2019 में टेलीविज़न सीरीज़ गठबंधन से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। इससे पहले, एक्ट्रेस 2018 में रियलिटी शो इंडियाज़ नेक्स्ट सुपरस्टार्स में एक कंटेस्टेंट के तौर पर दिखाई दी थी। इसके बाद, वह 2021 में रिलीज़ हुई हिंदी फ़िल्म पगलैट में नज़र आईं और अबू धाबी टेलीविज़न के साथ अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट पर भी काम किया।

अब, हाल ही में अपने एक इंटरव्यू में, श्रुति शर्मा ने हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार में डायरेक्टर, संजय लीला भंसाली के साथ काम करने के अपने अनुभव का खुलासा किया। खैर, साइमा के किरदार के बारे में बात करते हुए, वह 'मल्लिकाजान' (मनीषा कोइराला) की बेटी, 'आलमज़ेब' (शर्मिन सहगल) की एक खास नौकरानी के रूप में दिखाई देती हैं।

उसी बातचीत में, श्रुति ने संजय के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बहुत कुछ बताया। फिर, उनसे उनके और रजत कौल के बीच रोमांटिक सीन के बारे में भी पूछा गया, जिन्होंने 'इकबाल' (मल्लिकाजान के गाड़ीवान) का किरदार निभाया था। सीन में, वे दोनों रोमांटिक रूप से शामिल होते हुए बातचीत करते हैं। हालाँकि, यह सब एक घोड़े के अस्तबल में किया गया था, और उन्हें सूखी घास से भरी गाड़ी पर लुढ़कना था।

इसी बारे में बात करते हुए, श्रुति ने बताया कि उनके और रजत कौल के बीच अंतरंग सीन की शूटिंग पूरे एक दिन तक चली थी। इसलिए, फिल्मांकन के बाद, उनके शरीर पर लाल निशान आ गए, और उनका



काजल धूल और गंदगी से सना हुआ था। हालाँकि, फिर भी, यह सीन उनके दिल में एक खास जगह रखता है।

इस हद तक चोरों के हौसले बुलंद, पुलिस को दी खुली चुनौती

# दम है तो पकड़ कर दिखाओ, हम तो चोरी की वारदातों को अंजाम देंगे

**कोरिया।** कोयलांचल में चोर लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और अब चोरों के हौसले इस हद तक बुलंद हो चुके हैं कि लगातार एसईसीएल क्वार्टर में सेंधफोरी को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी है कि पकड़ के दिखाओ। जो पुलिस के लिए परेशानी का सबब बन हुआ है। तो वहीं कालरीकर्मी ऐसी घटनाओं से सकते में है।



पटना थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल पांडवपारा के न्यू बी टाइप क्वार्टर नंबर 73 में मंगलवार की रात्रि छेनी,हथौड़ी व कटर के सहारे डीएवी पब्लिक स्कूल के शिक्षक मनोज सिंह के क्वार्टर में सेंधफोरी का प्रयास चोरों के द्वारा किया गया।जहां वे दीवार के ईट तो निकाल लिए थे लेकिन अंदर का टाइल्स किन्ही कारणों से नहीं हटा सके जिसके चलते चोर कमरे में प्रवेश नहीं कर सके और चोरी की बड़ी घटना को चोर अंजाम नहीं दे सके। इस घटना की लिखित शिकायत शिक्षक ने पटना थाना में की है। लेकिन असफल चोरी के प्रयास से जहां शिक्षक का परिवारजन भयभीत है तो वहीं कॉलरी कर्मी भी ऐसे सेंधफोरी की घटनाओं से सहमें हुए हैं। फिलहाल पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है लेकिन इस घटना को अंजाम देने वाले चोरों तक पुलिस पहुंच पाती है या पूर्व की तरह कागजों में ही पूरी कार्यवाही सिमट कर रह जाती है। पटना पुलिस चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने में जहां नाकाम साबित हो रही है तो दूसरी ओर चोरो के हौसले बुलंद हैं तो ऐसे घटनाओ को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है कि, अगर दम है तो पकड़ कर दिखाओ, हम तो चोरी की वारदातों को ऐसे ही अंजाम देते रहेंगे। कोयलांचल में हुए सेंधफोरी से लाखों की चोरी को पुलिस आज तक एक मामले का भी नही कर सकी फर्दाफाश, केश 01 जुलाई में झिलमिली खदान में मैनेजर के पद पर कार्यरत संदीप यादव के बी टाइप ऑफिसर कॉलोनी में उनके क्वार्टर के पीछे पक्की दीवार में सेंधमारी कर चोरों ने अलमारी तोड़कर कीमती आभूषण सहित लगभग 10 लाख की चोरी की थी लेकिन 10 माह बीत जाने के बाद भी चोरों को आज तक पुलिस नही पकड़ सकी। केश 02 बीते सितंबर माह में कॉलरीकर्मी देवचंद के क्वार्टर में सेंधमारी कर नगद 70 हजार रुपए सहित सोने की मंगल सूत्र, पायल,बाली, लॉकेट, व बच्चो के कपड़े चोरी कर ले गए जिसे पुलिस आज तक नही पकड़ सकी। केश 03 पांडवपारा कॉलोनी के हृदय स्थल रामनाथ चौक पर संचालित किराना दुकान में तीन वर्ष पूर्व चोरी कर आग लगा दिया गया था जिसमे दुकानदार का लगभग 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ था इस चोरी व आगजनी के घटना को अंजाम देने वाले लोगो को पुलिस आज तक नहीं पकड़ सकी।

### नाम मात्र का पुलिस सहायता केंद्र, तीन महीने से बंद, नही रहता कोई

एसईसीएल के रहवासियों के सुरक्षा हेतु कई वर्ष पूर्व पुलिस सहायता केंद्र खोला गया था जहां एक एएसआई सहित पुलिस स्टॉफ के साथ संचालित रहा लेकिन बीते तीन चार माह से पुलिस सहायता केंद्र बंद है और कोई भी स्टॉफ नही रहता बल्कि कोई घटना होने पर या आवश्यकता होने पर पुलिस सहायता केंद्र पुलिस के लिए खुलता है।



## महिला से लूटपाट का फरार आरोपित पकड़ाया

**सूरजपुर।** सोनवाही जंगल में स्कूटी सवार दो महिलाओं से लूट करने के मामले में फरार दूसरे आरोपित को लटोरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में एक आरोपित पुलिस के हत्थे चढ़ चुका है। बता दें कि ग्राम गजाधरपुर निवासी कांति देवी ने चौकी लटोरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 मार्च को अपनी लड़की के साथ स्कूटी से गांधीनगर अम्बिकापुर कपड़ा दुकान से खरीददारी कर वापस घर गजाधरपुर आ रही थी। दोपहर में सोनवाही जंगल के पास इन लोगों के पीछे से दो अज्ञात व्यक्ति मोटर साइकिल में आए और रुकने के लिए कहा। डरकर दोनों रूक गए। उसी दौरान दोनों व्यक्ति उनसे थैला छीन लिए। थैला में दो नग पर्स जिसमें 42 सौ रूपये थे उसे छीनकर मोटर साइकिल से दोनों अम्बिकापुर की ओर भाग गए। महिला की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 392, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी शहजोर अली उम्र 32 वर्ष निवासी ईरानी मोहल्ला अम्बिकापुर को लूट की रकम में से एक हजार रूपये व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया था। उसका साथी दीपक यादव घटना के बाद से ही फरार था। लटोरी पुलिस को सूचना मिली कि दीपक यादव को उसके घर के आसपास देखा गया है। पुलिस टीम ने घेराबंदी लगाकर आरोपी दीपक यादव पिता मथुरा यादव उम्र 26 वर्ष निवासी गंगापुर खुर्द, थाना गांधीनगर अंबिकापुर को पकड़ा। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष शिनाख्त परेड कराई गई, जहां पीड़िता द्वारा आरोपित की पहचान की गई। पूछताछ पर आरोपित ने लूट की घटना को अपने साथी शहजोर के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया।

## खुले बाजार में भी नहीं मिल रही टीबी की दवाइयां



**अंबिकापुर।** क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम को बड़ा झटका लगा है। केंद्र सरकार से आपूर्ति की जाने वाली टीबी की दवाओं की आपूर्ति बंद हो गई है। खुले बाजार में भी दवाइयों का टोटा है। ऐसे में सिर्फ सरगुजा जिले के ही 500 से अधिक टीबी के मरीजों के समक्ष बड़ी परेशानी उत्पन्न हो गई है। दवाइयों की डोज पूरी नहीं होने के कारण तेजी से संक्रमण बढ़ने का भी खतरा है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत केंद्र स्तर से राज्य सरकार को टीबी की दवाइयां उपलब्ध कराई जाती है। मांग के अनुरूप राज्य सरकार का स्वास्थ्य विभाग सभी जिलों में इसकी आपूर्ति करता है।पिछले लगभग छह माह से जरूरत के हिसाब से टीबी की दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। किसी तरह काम चलाया जा रहा था लेकिन एक महीने से इसकी आपूर्ति लगभग ठप हो चुकी है। शासन स्तर से स्थानीय स्तर पर टीबी की दवाइयां खरीद कर मरीजों को देने का निर्देश है लेकिन खुले बाजार में भी इसकी आपूर्ति नहीं के बराबर हो रही है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी दवा दुकान संचालकों से समन्वय स्थापित कर रखा है। जहां भी टीबी की दवाइयां आ रही हैं उसे स्वास्थ्य विभाग तत्काल खरीद रहा है ताकि मरीजों को इसका वितरण किया जा सके। चिकित्सकों का मानना है कि टीबी के मरीजों को निश्चित समयावधि तक दवाइयां लेनी पड़ती है यदि उस अवधि तक दवाइयां नहीं ली गई तो यह असरकारी नहीं रह सकता है। बीच में दवाइयां नहीं लेने से संक्रमण तेजी से फैलने का भी खतरा रहता है। अलग-अलग स्टेज के आधार पर दवाइयां भी निर्धारित हैं। वर्ष 2023 में सरगुजा जिले में लगभग 1300 टीबी के मरीज चिन्हांकित थे, इस वर्ष अभी तक लगभग 400 मरीज चिन्हांकित किए जा चुके हैं जो प्राथमिक स्टेज में हैं। ऐसे में कम से कम 500 ऐसे मरीज हैं जिन्हें टीबी की दवाइयां चाहिए। पूर्व में मरीजों को पर्याप्त दिनों की डोज दी जाती थी लेकिन संकट के इस समय बमुश्किल दो से तीन दिन की दवाइयां ही मरीजों को दी जा रही हैं। जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डा शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि राज्य शासन स्तर से निर्देश है कि स्थानीय स्तर पर दवाओं की खरीदी कर मरीजों को उपलब्ध कराई जाए।

## मरीजों की स्वास्थ्य सेवा में नर्स की भूमिका महत्वपूर्ण-डॉ.लंगेह





### अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर जिला अस्पताल में विविध कार्यक्रम

**कोरिया बैकुंठपुर।** विश्व नर्सेज दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल, बैकुंठपुर में विविध कार्यक्रम आयोजित की गई थी। जिला अस्पताल के सभा कक्ष में के.बी. पटेल कॉलेज एवं नर्सिंग, सरभोका के नर्सिंग छात्राओ ने मरीजों के दिन-रात सेवा, आपातकाल में उनकी मदद के लिए हरदम तैयार रहने के सम्बंध में बहुत ही प्रेरणादायी गीत, नृत्य प्रस्तुत की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती डॉ.एकता लंगेह ने कहा कि किसी भी अस्पताल व स्वास्थ्य केंद्रों में नर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होते हैं। जिस तरह से मरीजों की सेवा, स्वास्थ्य की देखभाल, सहयोग, समर्पित भाव से करते हैं वह सचमुच सराहनीय है। डॉ. लंगेह ने नर्सों को सम्मान करते हुए कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर जिले के सभी नर्सों को बधाई देती हूँ, जो मानव सेवा, मरीजों, दुखियों की सेवा के लिए दिन-रात जुटी रहती है। सभी नर्सों को उनके चुनौती पूर्ण कार्य के लिए सलाम करती हूँ। इसके पहले उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किए, मरीजों से बातचीत किए और फ्रूट पॉकेट का वितरण भी किए।

नर्सिंग छात्राओं ने सन 1853, 1890, 1975, 1960, 1995, 2004 व 2012 तक नर्सो के पहनावे में आए बदलाव पर जानकारी दिए साथ ही नृत्य व गीतों के माध्यम से मरीजो, रोगियों की सेवा भाव को प्रदर्शित भी किए। बता दें नोबल नर्सिंग सेवा की शुरुआत करने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस पर हर साल दुनिया भर में 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के रूप में मनाया जाता है। फ्लोरेंस का जन्म 12 मई सन् 1820 को हुआ था। जिंदगीभर बीमार और रोगियों की सेवा करने वाली फ्लोरेंस का अपना बचपन बीमारी और शारीरीक कमजोरी की चपेट में रहा। फ्लोरेंस नाइटेंगल के बारे में कहा जाता हैं, कि वह रात के समय अपने हाथों में लालटेन लेकर अस्पताल का चक्कर लगाया करती थी। उन दिनों बिजली के उपकरण नहीं थे, फ्लोरेंस को अपने मरीजों की इतनी फिक्र हुआ करती थी कि दिनभर उनकी देखभाल करने के बावजूद रात को भी वह अस्पताल में घूमकर यह देखती थी कि कहीं किसी को उनकी जरूरत तो नहीं है। नर्सिंग छात्राओं ने मरीजों को बेहतर इलाज, आपात समय में उपचार, जांच आदि कार्यों में डॉक्टरों की सहायक के रूप में कार्य करते हैं। इस कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.एस. सेंगर, सिविल सर्जन डॉ. आर.पी. बंसरिया, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रियांशु सिंह थॉमस सहित बड़ी संख्या में नर्सिंग विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व नर्स उपस्थित रहे।

## कोरिया मिलेट्स कैफे के एक वर्ष हुए पूरे



### स्वाद के साथ सेहतमंद भोजन परोसने के लिए प्रसिद्ध

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टरेट कार्यालय के समीप कोरिया मिलेट्स कैफे ने अपनी स्थापना की पहली वर्षगांठ केक काटकर मनाया।

बता दें इसका संचालन रोशनी महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। कोरिया मिलेट्स कैफे में लगभग 20-25 लोगों को रोजगार मिलने से उनकी पारिवारिक व आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। कैफे में स्वादिष्ट व्यंजन के साथ सेहतमंद भोजन परोसने से ग्राहक बड़ी सँख्या में पहुंचते हैं। पहली वर्षगाँठ के अवसर पर जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, उनकी पत्नी श्रीमती डॉ. एकता लंगेह पहुंचे हुए थे। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि स्वाद व सेहतमन्द भोजन जरूरी है साथ ही साफ-सफाई बहुत आवश्यक है। मिलेट्स कैफे ने इस बात की विशेष ध्यान रखा है। उन्होंने कैफे का संचालन सफलता पूर्वक एक साल पूरा करने पर सभी सदस्यों को बधाई दी। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कोरिया मिलेट्स कैफे के टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिला स्वावलंबन व सशक्तीकरण की मिसाल यह मिलेट्स कैफे बहुत कम समय में अपने जायकेदार नाश्ता, भोजन के लिए शहरवासियों व ग्राहकों के दिलो में जगह बनाने में सफल हुए हैं। बता दें कोरिया मिलेट्स कैफे के नाम सुनते ही खूबसूरत वातावरण के बीच स्वादिष्ट व्यंजन की तस्वीर मन-मस्तिष्क में छा जाती है। जिला कलेक्टरेट, बैकुंठपुर-कोरिया के सामने से गुजरने वाला हर व्यक्ति इस कैफे की ओर स्वत: ही आकर्षित हो जाता है। कैफे की शुरुआत हुए महज एक साल हुए हैं और तब से यहां लोगों की भीड़ देखते ही बन रही है। देर शाम यहां सुरीली संगीतमय माहौल में सेहतभरे व्यंजनों का लुत्फ उठाया जाता है। बता दें छत्तीसगढ़ के पारंपरिक फसलों को बढ़ावा देने और प्रदेश में कुपोषण की दर को कम करने के उद्देश्य से मिलेट मिशन बहुत उपयोगी साबित हुई है। कोरिया मिलेट्स कैफे के संचालक ने बताया कि कैफे की शुरुआत से ही बड़ी संख्या में लोग यहां आ रहे हैं और व्यंजनों को बहुत पसंद कर रहें हैं, ग्राहकों से फीडबैक फॉर्म भी भरवाया जाता है, जिसमें काफी अच्छा फीडबैक मिला है। इस कैफे में आने वाले ग्राहक स्वास्थ्य के प्रति सजग और खाने के शौकीन होते हैं। यहां लोकप्रिय व्यंजनों में मिलेट चीला, डोसा, मिलेट थाली, खीर और ज्वार का गुलाब जामुन आदि की सर्वाधिक बिक्री होती है। सालगिरह के अवसर पर अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी व शहर के गणमान्य नागरिक पहुंचे हुए थे।



## लाखों कीमत का कोयला जला अमेरा खदान के स्टाक में

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल की अमेरा ओपनकास्ट परियोजना के कोल स्टाक में लगी आग से लाखों रुपये का कोयला जलकर राख हो गया है। कोयला स्टाक अभी भी आग की चपेट में है, हालांकि खान प्रबंधन पाइप लाइन बिछाकर कोयला स्टाक में लगी आग को बुझाने की कोशिश कर रहा है। कोयला कामगारों की माने तो कोयले में लगी आग को नियंत्रित करने संसाधनों को बढ़ाने की जरूरत है। वहीं खदान में तकनीकी दिक्कतों के कारण करीब दस दिन से कोयला उत्पादन भी ठप है।

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की अमेरा ओपनकास्ट परियोजना के कोल स्टाक में करीब एक माह से आग लगी हुई है। खदान के कोल स्टाक में भंडारित जी 6, 8 व 9 ग्रेड का एक लाख टन से अधिक कोयला करीब एक माह से आग की चपेट में है। कामगारों की मानें तो शुरुआती दौर में कोयला स्टाक में लगी आग को नियंत्रित करने के पर्याप्त उपाय नही किये जाने की वजह से आग बढ़ने से लाखों रुपये लागत का कोयला जलकर राख हो गया है। बताया जा रहा है कि आग बढ़ने से आला अधिकारियों के बढ़ते दबाव की वजह से अब सिंगल पाइप लगाकर कोयला स्टाक में लगी आग को नियंत्रित करने की कोशिश तेज की गई है। कोयला स्टाक में लगी आग को बुझाने में प्रबन्धन पर उदासीनता बरतने के भी आरोप लग रहे हैं। वहीं आग बुझाने के लिए तत्काल उचित प्रबंध नही किए जाने को लेकर भी तरह तरह की चर्चाएं हो रही है। बताया जा रहा है कि खदान से रोजाना भारी मात्रा में कोयले की चोरी होने से कोलस्टाक में कोयला भी कम हो जाता है। इसको लेकर भी कई सवाल खड़े किए जा रहे हैं। बताया गया कि अमेरा खदान में एक मई से कोयला उत्पादन भी ठप है। इसकी वजह सरफेस माइनर मशीन में खराबी के साथ ही कांटा ब्रेक डाउन होना, कोयला स्टाक में आग लगना और कोलफेस में पानी का होना बताया जा रहा है। खदान के कोयला स्टाक में लगी आग को काफी हद तक बुझा लिया गया है। पाइप लाइन के जरिये आग को पूरी तरह नियंत्रित करने का युद्ध स्तर पर प्रयास जारी है। शुरुआती दौर से ही आग बुझाने का कार्य किया जा रहा है। कोयला स्टाक को कम करने के लिए एक मई से कोयला उत्पादन बन्द किया गया है। जल्द ही कोयला उत्पादन शुरू किया जाएगा।

## राधाकृष्ण मंदिर में चोरी, संदिग्धों से पूछताछ कर रही है पुलिस

**अंबिकापुर।** शहर से लगे ग्राम पंचायत अजिरमा के श्री राधाकृष्ण मंदिर में चोरी की घटना हुई है। मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार का ताला तोड़कर घुसे चोरों ने दान पेटी और आलमारी तोड़कर चार लाख 87 हजार रुपये नकद पार कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



अजिरमा स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में चोरी का पता भोर में चला। मंदिर के पुजारी प्रतिदिन की तरह पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो देखा कि मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार का ताला टूटा हुआ है। उन्होंने मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों को सूचना दी। अध्यक्ष कृष्णकांत थलपहरी के साथ मंदिर पहुंचे सदस्यों ने देखा की मंदिर के मुख्य द्वार का ताला टूटा पडा हुआ था । मंदिर के अंदर दानपेटी और अलमारी भी रखी हुई थी। इन दोनों को भी तोड़ दिया गया था। अलमारी के लाकर को भी किसी भारी वस्तु और औजार से क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इसी में नकद रकम रखी गई थी।मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोडकर अंदर घुसकर आलमारी व दानपेटी का ताला तोडकर आलमारी व दानपेटी में रखा चार लाख 87 हजार 963 रूपये गायब कर दिया गया था। मंदिर में स्थापित प्रतिमाओं के आसपास की भी तलाशी ली गई थी। मंदिर में चोरी की बड़ी घटना से ग्रामीणों में नाराजगी है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी की है। अभी तक चोरों का कुछ पता नहीं चल सका है। शहर व आसपास के क्षेत्रों में चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। इस घटना में किसी जानकार के शामिल होने का संदेह है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि श्री राधा कृष्ण मंदिर में चोरी की घटना को लेकर पुलिस की जांच जारी है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्दी ही पुलिस इस मामले का राजफाश करेगी।

## हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर।** बसंत विहार गोंदवारा स्थित बॉम्बे एमपी लॉजिस्टक ट्रांसपोर्ट का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 4 नग बैटरी और त्रिपाल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी सैलेन्द्र पाल 55 वर्ष टीचर कालोनी अशोक नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि 5 से 10 मई के मध्य अज्ञात चोर ने प्रार्थी के बसंत विहार गोंदवारा स्थित बाम्बे एमपी लॉजिस्टक ट्रांसपोर्ट का ताला तोड़कर 4 नग बैटरी और 1 नग त्रिपाल पार कर दिया।

## विभागों को सीधी भर्ती के पूर्व लेनी होगी वित्त विभाग की अनुमति

**रायपुर।** वित्त विभाग के संदर्भित ज्ञापन द्वारा लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरे जाने वाले सीधी भर्ती के रिक्त पदों एवं अनुकंपा नियुक्ति के पदों को छोड़कर शेष सभी सीधी भर्ती के रिक्त पदों को भरने के पूर्व वित्त विभाग की अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य कर दिया गया है।

वित्त विभाग ने शासन के समस्त विभाग, अध्यक्ष, राजस्व मंडल, बिलासपुर, समस्त संभागीय आयुक्त, समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त कलेक्टरों के नाम से जारी आदेश में कहा है कि अब सीधी भर्ती के पूर्व वित्त विभाग की अनुमति पुनः प्राप्त करनी होगी। आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2024-25 में लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली संयुक्त राज्य सेवा परीक्षा में शामिल पदों को छोड़कर विभागों में राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरे जाने वाले अन्य पदों पर भर्ती शुरू करने के पूर्व वित्त विभाग की अनुमति आवश्यक होगी।

# नगर निगम चुनाव के लिए कुछ महीने बाकी, मुद्दों की तलाश में जनप्रतिनिधि

## स्थानीय मसले प्रभावित करते हैं चुनाव को




**कोरबा।** नगर पालिक निगम का मौजूदा कार्यकाल इस वर्ष दिसंबर से पहले खत्म हो जाएगा। नगर निगम के चुनाव नवंबर में संभावित है। इसे लेकर क्षेत्र में मुद्दों की तलाश शुरू हो गई। वर्ष 1998 में साडा को भंग कर नगर निगम का गठन पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश सरकार की ओर से किया गया था। गठन के बाद से निगम ने विभिन्न क्षेत्रों में विकास किया और लोगों को सुविधाएं दी है।

पिछले दो चुनाव में नगर निगम कोरबा में कांग्रेस समर्थित महापौर बने हैं। जबकि गठन के बाद तीन अवसर पर जनता ने प्रत्यक्ष प्रणाली के माध्यम से भाजपा को निगम पर सत्ता संभालने का अवसर दिया। वर्ष 2019 में हुए निगम के चुनाव में छत्तीसगढ़ में पहली बार अप्रत्यक्ष रूप से महापौर का निर्वाचन हुआ। 67 वार्डों से निर्वाचित पार्षदों को एक बार फिर वोट का मौका दिया। इस दौरान सीमित अंतर से पंपहाउस वार्ड संख्या 14 से निर्वाचित कांग्रेस के पार्षद राजकिशोर प्रसाद को महापौर चुना गया। उनका कार्यकाल कई कारणों से चर्चा में रहा। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद महापौर के जाति प्रमाण पत्र संबंधी विवाद पर निर्णय भी आ गया, जिसमें स्थानीय कोर्ट ने प्रमाण पत्र को रद्द कर दिया, जो छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग से संबंधित था। भाजपा पार्षद रितु चौरसिया ने इस पर आपत्ति दर्ज कराते हुए चुनौती दी थी। हालांकि अभी भी महापौर पद पर बने हुए है। यद्यपि नगर निगम की निर्वाचित परिषद का कार्यकाल महज 6 महीने का ही बचा है। ऐसे में अगले नतीजों की परवाह न करते हुए कांग्रेस-भाजपा के अलावा दूसरे स्तर पर सक्रिय नेताओं ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में सक्रियता के पीछे यह भी एक बड़ा कारण रहा। खबर के मुताबिक अपने-अपने इलाकों में जनसंपर्क करते हुए ऐसे लोगों ने न केवल मुद्दों को तलाशा बल्कि जनता के मूड को भांपने की कोशिश भी की। स्थानीय स्तर पर पानी, बिजली, साफ-सफाई के अलावा नागरिक सुविधाओं से संबंधित विषय ही जनता को उन लोगों से जोड़ने का काम करते है, जो इसके लिए लगातार आवाज उठाते हैं और उचित स्तर पर पहल करते हुए नतीजे भी लाने में सफल होते है। निगम चुनाव के साथ ही जिले में कटघोरा और दीपका नगर पालिका, बांकीमोंगरा नवगठित पालिका सहित छूरीकला व पाली नगर पंचायत के लिए भी लोग वोट डालेंगे और नए अध्यक्ष व नए पार्षद को चुनेंगे।

### लोकसभा के परिणाम की प्रतीक्षा

4 जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित हो जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार संभवत: 7 जून को केन्द्र की नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव की आचार संहिता शिथिल हो जाएगी। इस दिन से सरकार का पूरा तंत्र पहले की तरह सामान्य रूप से कामकाज करना प्रारंभ कर देगा। माना जा रहा है कि कोरबा में नगर निगम की सत्ता परिवर्तन से जुड़ा बड़ा काम भी जून महीने में हो सकता है, जिस पर काफी समय से लोगों की निगाहे हैं।

### कई गार्डन हुए बदहाल

इसे अनदेखी कहा जाए या फिर जन सरोकार से दूरी, शायद इसी का नतीजा है कि निगम क्षेत्र के कई गार्डन बदहाली की भेंट चढ़ गए है। निगम के द्वारा वर्षों पहले विकसित किए गए फलोद्यान का हाल कुछ ऐसा है कि यहां शराबियों के द्वारा छोड़ी गई खाली बोतलें और डिस्पोजल ही लोगों को नजर आ रही है। शाम के बाद यहां केवल नशेड़ी ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। कोरबा में घंटाघर चौराहे के आकर्षण को बढ़ाने के लिए लगाई गई घड़ी नमूना बनकर रह गई है जो काफी समय से समय नहीं बता रही है। जबकि पिछले वर्ष इसके सामने के परिसर में एलईडी से किया गया वेलकम ब्यूटीफिकेशन भी कबाड़ में बदल

## वर्कर्स फेडरेशन की बैठक धनबाद में

**कोरबा।** इंटक वर्कर्स फेडरेशन की राष्ट्रीय बैठक आज धनबाद में आयोजित किया गया है। इस बैठक में एसईकेएमसी केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह व उपाध्यक्ष संदीप चौधरी भाग लेने के लिए धनबाद रवाना हुए है। इस बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष जयमंगल सिंह संबोधित करेंगे। उन्होंने फेडरेशन के सभी सदस्यों को बैठक में आने को कहा है। इस बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

## सरस्वती विद्यालय सीएसईबी की हर्षिता प्रथम



**कोरबा।** सरस्वती शिशु मंदिर सीएसईबी कोरबा में कक्षा 10 वीं की छात्रा कुमारी हर्षिता कर्ष ने कक्षा 10वीं में 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मेघावी छात्रा कुमारी हर्षिता शुरू से ही पढ़ाई में काफी तेज रही है। उन्होंने सभी कक्षा की परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस संबंध में कुमारी हर्षिता ने बताया कि उनके स्कूल के प्राचार्य राजकुमार देवांगन सहित सभी शिक्षक पढ़ाई को महत्व देते हुए काफी सहयोग करते है। हर समय छात्रों को पढ़ने के लिए शिक्षक प्रेरित करते रहे है। जिसके परिणाम स्वरूप वह हमेशा प्रथम आती रही है। उनके माता-पिता इश्वरी कर्ष व विक्टोरिया कर्ष भी पढ़ाई के लिए हमेशा प्रेरित करते रहे है।



## पर्याप्त लोकल आवक से कीमतें स्थिर

**कोरबा।** ग्रीष्मकाल में सब्जियों की लोकल आवक भी पर्याप्त मात्रा में बनी हुई है। इससे दूसरे क्षेत्रों पर निर्भरता कुछ कम हुई है। बाजार के जानकारों ने बताया कि लोकल आवक से आर्थिकी तय होती है। यही कारण है कि फिलहाल सब्जियों की कीमतें स्थिर है।

## निजी कोल साइडिंग ने सड़क का निकाला कचूमर

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से कोरबा की जनता को सुविधा देने के लिए दावे जरूर किये जा रहे है, लेकिन सच्चाई यही है कि इनका दम निकल रहा है। कोरबा में स्टेशन की सेंकेड एंट्री का विकल्प राहत जरूर दे रहा है, लेकिन इस क्षेत्र में निजी कोल साइडिंग के लिए चलने वाले वाहनों ने सड़क का कचूमर निकाल दिया है। ऐसा लगता है कि कोरबा में रेल समस्या के साथ जनता की परेशानी का साथ मानो चोली दामन जैसा है, जो केवल लंबे समय से न केवल बना हुआ है बल्कि छूटने का नाम नहीं ले रहा है। एसईसीआर के द्वारा अमृत काल में रेलवे स्टेशन के विकास के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही है। कई कारणों से कोरबा को इसमें शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत प्लेटफार्म नंबर 2-3 के लिए मुख्य प्रवेश द्वारा के लिए कुछ आगे से अतिरिक्त फूट ओव्हरब्रिज तैयार कराया जा रहा है। इसके अलावा प्लेटफार्म में शेड विस्तार से संबंधित काम भी कराये जा रहे हैं। लगातार हो रही परेशानी को ध्यान में रख कुछ महीने पहले रेलवे ने सेंकेड एंट्री को शुरू करते हुए मौके पर ही टिकट काउंटर शुरू किया है। इसके जरिये लोगों को कुछ राहत मिली है। उपनगरीय क्षेत्र की बड़ी संख्या सीजीएम कार्यालय एसईसीएल व मुड़ापार बायपास होते हुए सेंकेड एंट्री तक पहुंच रही है। लेकिन इसी रास्ते में निजी कोल साइडिंग संचालित किये जाने से स्टेशन जाने वाली सड़क एक प्रकार से नरक में बदल में गई है। रास्ते पर उपस्थित कीचड़ और भारी वाहनों की आवाजाही से लोगों के शक्ल सूरत बदल जाती है, जिससे वे परेशान हैं।

## सरईटिकरापारा में नल जरूर लगे पर नहीं पहुंचा जल

**कोरबा।** पहाड़ी क्षेत्रों में पानी की समस्या गंभीर है। इन क्षेत्रों में न तो ग्रामीणों को पीने के लिए साफ जल उपलब्ध होता है और न ही खेती के लिए पानी। ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से कोशिशें की जा रही है

लेकिन सरकारी कोशिशें जमीन पर लोगों का भरोसा नहीं जीत पा रही है। जिला मुख्यालय से लगभग 85 किलोमीटर की दूरी पर विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में चोटिया के करीब ग्राम पंचायत लाद स्थित है। पंचायत में पानी की समस्या है। भूजल स्तर काफी नीचे है। इस स्थिति में ग्रामीणों को पीने के लिए पानी नहीं मिलता। इस गंभीर समस्या को देखते हुए केंद्र सरकार ने ग्राम पंचायत लाद में रहने वाले लोगों को साफ पानी पहुंचाने के लिए योजना बनाई। नलजल के तहत गांव में पानी की टंकी बनाकर घर- घर जल पहुंचाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई। इसे आगे बढ़ाते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया पूरी किया और ग्राम पंचायत लाद के सरईटिकरा और ललमट्टा में लोहे के स्ट्रक्बर पर सिनटेक्स लगाया गया। गांव में रहने वाले लोगों को बताया गया कि योजना पूरी होने के बाद उनके घरों में नल के जरिए जल पहुंचेगा।



साल गुजर गए लेकिन ग्रामीणों के घर नल से जल नहीं पहुंचा। शिवलाल पंडो ने बताया कि गांव के लोगों को नल के जरिए पानी उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायत लाद के सरईटिकरा पारा में लोहे का स्ट्रक्चर तैयार किया गया। इसके उपर काले रंग की दो सिंटेक्स लगाया गया। सिंटेक्स तक जल पहुंचे इसके लिए पास में ही बोर खोद गया जो लगभग 250 फीट से ज्यादा गहरा है। इतनी अधिक गहराई पर पानी मिल गया। बोर में सबमर्शिबल पंप लगाकर संबंधित ठेकेदार ने पाइप के जरिए सिंटेक्स तक पानी पहुंचा दिया लेकिन सिंटेक्स के पाइप का कनेक्शन ला केघरों तक पानी पहुंचने के लिए बिछ गई मेन पाइप से नहीं जोड़ा। 6 मा से ठेकेदार काम बंद करके लापता है गांव के लोगों ने इस संबंध में कई बा संबंधित ठेकेदार से बातचीत की त ठेकेदार आजकल में काम पूरा करने का आश्वासन देता रहा लेकिन योजना के काम को आधा-अधूरा छोड़कर भाग गया। इससे गांव के लोगों परेशानी हो रही है।

## रामपुर विधानसभा क्षेत्र में नेताओं का रहा दौरा

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेता इस बार सबसे अधिक रामपुर विधानसभा क्षेत्र में अपनी पुरी ताकत लगाते हुए नेताओं ने अधिक दौरा किया। पिछली लोकसभा में भाजपा को मिले कम वोट व विधानसभा चुनाव में भी कम मत मिलने से इस बार भाजपा के नेता काफी गंभीर इस बार भाजपा ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग ही रणनीति तैयार की थी।

भाजपाईयों ने रणनीति के तहत अपनी पुरी ताकत लगा दी थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने करतला में आमसभा ली थी वहीं उसकी पत्नी के द्वारा पटियापाली में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मंत्री केदार कश्यप भी 5 दिनों तक रामपुर विधानसभा क्षेत्र में डटे रहे। इसके अलावा मंत्री ओपी चौधरी विधायक अनुज शर्मा भी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए थे। विधायक धरमलाल कौशिक व पूर्व विधायक सौरभ सिंह के द्वारा भी उरगा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई थी। वरिष्ठ नेता अनुराग सिंह भी रामपुर विधानसभा क्षेत्र में आये थे। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत व रामपुर विधानसभा प्रभारी प्रीति स्वर्णकार भी कई कार्यक्रम में शामिल होते हुए चौपाल एवं नुक्कड़ सभा में भाग लिया था। राठिया समाज की अलग से दो स्थानों पर बैठक हुई थी। 5 स्थानों पर यादव समाज की बैठक में युवा नेता बृजेश यादव शामिल हुए थे। गुरू बाल दास भी कोरबा आकर 3 स्थानों पर अलग-अलग सभा ली थी। इस सभा का आयोजन रामचंद्र पाटले व कमलेश अनंत सहित अनेको कार्यकर्ताओं ने कराया था। युवा मोर्चा के द्वारा भी नोनबिर्रा में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया था। इसके पहले कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने मण्डलों से मोटर सायकल रैली निकाली थी। इस रैली को को सफल बनाने में बृजेश यादव, प्रवीण उपाध्याय, दिनेश तिवारी, धनंज चौहान, नवीन देवांगन, शुभम हलवाई, प्रकाश यादव ने सहयोग प्रदान किया था। इसके अलावा महिला मोर्चा व भाजपा के द्वारा भी महतारी वंदन योजना के तहत शक्ति केंद्रों में महिलाओं का सम्मान किया गया था। इस कार्य में रेणुका राठिया, अभिलाषा वर्मा, सुभद्रा सिंह, भोजली साहू, सुकृता राठिया सहित क्षेत्र की महिलाएं सक्रिय थी। इसके अलावा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष आकाश सक्सेना, टिकेश्वर राठिया, लक्ष्मी श्रीवास, नटवर शर्मा, सुमित वर्मा, किशन अग्रवाल भी लगातार सक्रिय रहे। रामपुर विधानसभा क्षेत्र में व्यापारियों का अलग एक सम्मेलन भी कराया गया था। कुल मिलाकर रामपुर विधानसभा क्षेत्र में बढ़त बनाने के लिए भाजपाईयों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी थी।

### जाम में फंस जाते है मानिकपुरवासी

**कोरबा।** मानिकपुर के नागरिक कोरबा आने जाने के लिए इमलीडुग्गू रेलवे फाटक मार्ग का ज्यादा उपयोग करते है। लेकिन दिन भर मालगाड़ी के आवाजाही से फाटक घण्टों बंद रहता है और मानिकपुर के नागरिक जाम में फंस जाते है।

रेलवे लाईन के नीचे बने पुल पर बाईपास बनाने की मांग यहां के नोगरिक करते रहे है। लेकिन यह मार्ग नहीं बन सका है। लोगों को कोरबा आने जाने में काफी परेशानी होती है। यहां के राजीव श्रीवास्तव, जय मुखर्जी, उज्वल बेनर्जी ने मांग की है कि बाई पास मार्ग का निर्माण तत्काल किया जाये ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। कई बारे आवश्यक कार्य होने के बाद भी जाम में फंस जाते है।




## गर्मी में पानी की किल्लत सायकल से ढोने की मजबूरी

**छुरीकला।** नगर क्षेत्र के चरमराई बिजली व्यवस्था से नगरवासीयों के सामने पेयजल संकट से जुझना पड रहा है एक बाल्टी पानी के लिए दूर से सायकल मे ढुलाई कर लाना पड रहा है । पिछले चार दिनों से मौसम मे आये बदलाव से आंधी तूफान बारिश होने से नगर क्षेत्र के बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाने से नगर की पेयजल आपूर्ति ठप्प पड गई है, पानी के लिए नगरवासी यहां वहां भटकना पड रहा है दूर से सायकल व अनेक साधनों से पानी ढुलाई करना पड रहा है। वहीं वार्ड पार्षद पानी व्यवस्था को लेकर कोई पहल नहीं कि जा रही है अपने व्यवसाय कारोबार मे मस्त है लोगों के समस्या की कोई चिंता सरोकार नहीं है पार्षद के आड पर दुकान चला रहे है। हालांकि नगर पंचायत स्तर पर टेंकर के माध्यम से सभी वार्डों मे पेयजल पानी आपूर्ति किये जा रहे परंतु टेंकर से पानी आपूर्ति लोगों के लिए ऊंट के मुंह मे जीरा साबित हो रही है। दो तीन दिनों मे बिजली व्यवस्था मे सुधार नहीं की गई तो लोगों के सामने पानी की बहुत बडी संकट खडी हो जायेगी।



## 141 फीसदी राख उपयोगिता पर काम, बालको का श्री सीमेंट से समझौता

**कोरबा।** भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने श्री सीमेंट लिमिटेड के साथ समझौता (एमओयू) किया है। यह साझेदारी कम कार्बन वाले सीमेंट का उत्पादन करने के लिए बालको द्वारा श्री सीमेंट तक फ्लाई ऐश भेजने की सुविधा देगी। समझौते में श्री सीमेंट को 90 हजार मीट्रिक टन फ्लाई ऐश की आपूर्ति किया जाना है। इससे सीमेंट उद्योग में फ्लाई ऐश के सस्टेनेबल उपयोग के लिए महत्वपूर्ण सहयोग तथा सर्कुलर इकोनॉमी में बढ़ोत्तरी होगी।

फ्लाई ऐश थर्मल पावर उत्पादन का उप-उत्पाद है जिसमें विभिन्न उद्योगों में पुन: उपयोग की महत्वपूर्ण क्षमता है। सीमेंट निर्माण में फ्लाई ऐश का उपयोग करने से लगभग 500 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन, 3.2 मिलियन गीगा जूल ऊर्जा और प्रति टन 250 लीटर पानी बचाया जा सकता है। इससे सीमेंट उद्योग के भीतर सस्टेनेबल तरीकों को अपनाने में योगदान मिला है। ऐसे उद्योगों में फ्लाई ऐश के प्रबंधन के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिला है। फ्लाई ऐश का उपयोग ईंट निर्माण, सड़क निर्माण, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और कृषि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। बालको के 'ट्रांसफार्म द प्लेनेट' की प्रतिबद्धता के अनुरूप कंपनी विभिन्न उद्योगों को फ्लाई ऐश की आपूर्ति कर रही है जिसमें ईंट एवं सीमेंट संयंत्र, सड़क तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और माईंस शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2024 में बालको ने इन क्षेत्रों को 4 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक फ्लाई ऐश की आपूर्ति की है। इस पहल से 141 प्रतिशत राखड़ का उपयोग हमारे रिसोर्स एफिशिएंसी और एनवायरमेंटल सस्टेनेबिलिटी को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने श्री सीमेंट के साथ हुए एमओयू पर कहा कि कंपनी में हम औद्योगिक अपशिष्टों में कमी लाने और अनेक नए प्रयोगों के जरिए उन्हें नागरिकों और पर्यावरण के लिए लाभकारी बनाने के उद्देश्य से बालको ने अपने प्रचालन में अत्याधुनिक तकनीकों को स्थान दिया है। हम उद्योगों में सस्टेनेबल व्यवसाय की बढ़ती मांग को पहचानते हैं। फ्लाई ऐश कई उद्योगों के लिए एक सस्टेनेबल रॉ मटेरियल के रूप में सामने आया है। रॉ मटेरियल के रूप में हमारे फ्लाई ऐश को पुनर्निर्देशित कर आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। यह समझौता सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारी साझा जिम्मेदारी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



श्री सीमेंट लिमिटेड के मुख्य खरीद अधिकारी संजय मेहता ने एमओयू के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए इसके पारस्परिक लाभ को बताया। उन्होंने कहा कि बालको के साथ साझेदारी सस्टेनेबल कार्यप्रणाली के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। सीमेंट उत्पादन में फ्लाई ऐश का उपयोग सीमित रूप से उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव कम कर कार्बन उत्सर्जन में कटौती करता है तथा सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देता है। यह साझेदारी हमारे लिए वैकल्पिक रॉ मटेरियल की स्थायी आपूर्ति के हमारे प्रयासों को बढ़ावा देगी। हमारा लक्ष्य भविष्य में ऐसे सहयोगात्मक प्रयासों का विस्तार करना है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com